# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024






Cheil 22495/23




Cheil 22495/23

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 21 सितंबर 2024


## प्रदेश के बड़े नेता रहेंगे अपने-अपने क्षेत्रों में

## इधर, कांग्रेस का आज छग बंद चैंबर का समर्थन देने से इंकार

कानून व्यवस्था और कवर्धा की घटना को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित बड़े नेता अपने-अपने क्षेत्र में रहेंगे। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स से बंद के लिए समर्थन मांगा था, लेकिन चैंबर ने यह कहते हुए समर्थन देने से इनकार कर दिया है कि इसका फैसला कार्यकारिणी की बैठक में होता है, लेकिन अचानक समर्थन मांगने से कार्यकारिणी की बैठक संभव नहीं है, इसलिए समर्थन देना संभव नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कवर्धा की घटना में पुलिस की बर्बरता प्रशांत साहू की हत्या की जांच की मांग को लेकर शनिवारको कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। बंद सभी की सुरक्षा के लिए है। श्री बैज शेष पेज 4 पर

### चैंबर का इंकार

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया 21 सितंबर को प्रस्तावित बंद को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी का 19 सितबंर का पत्र आज 20 सितबंर को दोपहर 12 बजे चैंबर कार्यालय को शेष पेज 4 पर

# लोहारीडीह कांड पर बड़ा एक्शन, कलेक्टर, एसपी हटाए गए, एसडीओपी समेत पूरा थाना अटैच, दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोहारीडीह में आगजनी, पिटाई और फिर न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी की मौत से मचे बवाल के बाद शासन ने बड़ी कार्रवाई की है। देर शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश देते हुए कवर्धा कलेक्टर और एसपी को हटा दिया। साथ ही एसडीओपी को हटाते हुए रेंगाखार थाने के सभी 23 स्टॉफ को लाइन हाजिर कर दिया। इसके अलावा एसआई कुमार मंगलम तथा महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को शेष पेज 4 पर

### पिटाई से मौत का आरोप, मामला गरमाया, एक्शन में सरकार


न्यायिक हिरासत में मौत पर उबाल, शरीर में मिले चोटों के निशान, कांग्रेस का कल छग बंद

अभिरक्षा में मौत के मामले में प्रशासन बैकफुट पर

पुलिसिया पिटाई से मौत

पुलिस, जेल तथा अस्पताल प्रशासन पर आरोप



### महोबे को नान का जिम्मा अभिषेक मुख्यालय भेजे गए

लोहारीडीह कांड के बाद राज्य सरकार ने कवर्धा में बड़ा फेरबदल करते हुए कलेक्टर तथा एसपी को हटाने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर जन्मजेय महोबे हटा दिए गए हैं। उनकी जगह गोपाल वर्मा कलेक्टर बनाए गए हैं। श्री महोबे को नागरिक आपूर्ति निगम का प्रबंध संचालक बनाया गया है। इसी तरह एसपी शेष पेज 4 पर

### मां ने कहा, पुलिस वालों ने पीट पीटकर ले ली बेटे की जान

अपने जवान बेटे के अंतिम संस्कार में शामिल होने गुरूवार को दुर्ग जेल से लोहारीडीह लाई गई मृतक प्रशांत साहू की मां ने पुलिया बर्बरता व मारपीट की पूरी घटना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके और उसके परिवार के सदस्यों के साथ बड़ी बेरहमी से मारपीट की है। उन्हें गांव से घसीटते और मारते पीटते रेंगाखार थाना ले जाया गया। शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म पीड़िता की फरियाद पर बंद हाईकोर्ट खोलकर सुनवाई



**बिलासपुर।** इस सप्ताह का अंतिम कार्य दिवस होने पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में शाम 5 बजे मामलों की सुनवाई बंद हो गई थी। कोर्ट बंद होने के बाद एक ऐसा मामला तत्काल सुनवाई लिए कोर्ट के समक्ष आया, जिसमें दुष्कर्म से गर्भवती हुई पीड़िता ने गर्भपात की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बंद कोर्ट को शाम 6 बजे पुनः खोलकर विशेष कोर्ट लगाई। याचिका में दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई पीड़िता ने 27 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति मांगी है। कोर्ट ने तकनीकी कारण से पीड़िता की मांग पर मेडिकल बोर्ड बलौदाबाजार-भाठापारा को पीड़ति की तत्काल जांच कर सोमवार तक रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले में सोमवार को पुनः सुनवाई होगी।

# हरिभूमि की खबर पर मुहर, प्राधिकरणों में नियुक्तियां, अब निगम - मंडल की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

राज्य शासन ने पांच विकास प्राधिकरणों के उपाध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। खास बात ये है कि इस संबंध में सबसे पहले हरिभूमि ने खबर दी थी कि राज्य में सबसे पहले प्राधिकरणों में नियुक्तियां की जाएंगी, असके बाद निगम-मंडलों की बारी आएगी। तीन चरणों में ये नियुक्तियां होगी। दरअसल, राज्य में पिछले कुछ महीनों से लगातार निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरणों में नियुक्तियों की चर्चाएं और अटकलें चल रहीं थीं। सोशल मीडिया में तो निगम,मंडल की सूचियां भी वायरल की जा रही थी। इसे लेकर कई तरह शेष पेज 4 पर


तीन चरणों में होंगी निगम, मंडल आयोग में नियुक्तियां, सीएम के सलाहकार पर विचार नहीं

पहले चरण में प्राधिकरण



### निगम-मंडलों में तीन चरणों में होंगी नियुक्तियां, प्राधिकरण के बाद निगम, आयोग की आएगी बारी


गोमती साय | लता उसेण्डी | गुरु खुशवंत साहेब | प्रणव कुमार मरपच्ची | ललित चन्द्राकर

### गोमती, उसेंडी, खुशवंत, मरपच्ची, और चंद्राकर उपाध्यक्ष

राज्य शासन द्वारा प्राधिकरणों में पांच उपाध्यक्ष पदों पर नियुक्त का आदेश जारी किया गया है। गोमती साय, विधायक -विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव को सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। गुरु खुशवंत साहेब, विधायक, विधानसभा क्षेत्र आरंग को अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। लता उसेण्डी विधायक -विधानसभा क्षेत्र कोण्डागांव को बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, प्रणव कुमार मरपच्ची, विधायक-विधानसभा क्षेत्र मरवाही को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष, ललित चन्द्राकर विधायक - विधानसभा क्षेत्र दुर्ग (ग्रामीण) छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए गए है।

### बदल जाएगा प्राधिकरणों का चेहरा, अब सभी मंत्री और सांसद भी होंगे सदस्य



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में पांच प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। खास बात ये है कि सरकार ने प्राधिकरणों के दायरे में विस्तार किया है। पांच प्राधिकरणों में अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के शेष पेज 4 पर

### प्राधिकरणों के पुनर्गठन को मंजूरी

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। राज्य मंत्रिमण्डल ने राज्य में शेष पेज 4 पर

### *लोहारीडीह घटना को लेकर जिला साहू संघ की बैठक*

*घटना को लेकर शुक्रवार को जिला साहू संघ की एक बैठक आयोजित की गई। संगठन मंत्री प्रदेश साहू संघ नरेश साहू की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में जहां लोहारीडीह की घटना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं इस घटना को लेकर सर्वसम्मति से कई निर्णय भी लिए गए तथा मांगों पर भी सहमति बनी है। बैठक में प्रदेश के राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि लोहाराडीह की घटना के दोषी पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव को निलंबित कर उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जाए, क्षेत्र के संबंधित थाना रेंगाखार के थाना प्रभारी तथा ग्रामीणों के साथ की गई मारपीट में संलिप्त पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जाए। इसके अलावा उन्होंने अन्य मांग भी की है। जिला साहू संघ ने चेतावनी दी है कि ये सभी मांगें अगर एक सप्ताह के भीतर पूरी नहीं की जाती है तो जिला साहू संघ उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा। वहीं प्रदेश साहू समाज के संगठन मंत्री ने स्पष्ट किया है कि वह कांग्रेस प्रदेश बंद का समर्थन नहीं करेगा।*







## चिंतन

# तिरुमला तिरुपति लड्डू मामले की जांच जरूरी

आंध्र प्रदेश के तिरुमला तिरुपति प्रसादम 'लड्डू' विवाद में दूध का दूध व पानी का पानी होना चाहिए। यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है। प्रसादम 'लड्डू' बनाने में प्रयुक्त होने वाले घी में कथित मिलावट का मामला सामने आया है। आंध्र प्रदेश में सत्ताधारी टीडीपी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम द्वारा उपलब्ध कराए गए घी के नमूनों में मिलावट की पुष्टि गुजरात स्थित नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा की गई है। टीडीपी ने कथित प्रयोगशाला रिपोर्ट दिखाई, जिसमें स्पष्ट रूप से नमूने में गोवंशीय पशुओं की चर्बी, सूअर की चर्बी और मछली के तेल की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। नमूना प्राप्ति की तारीख 9 जुलाई थी व प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस दावे के बाद से समूचे मंदिर प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं, राजनीति तेज हो गई है। मंदिर को लड्डू की आपूर्ति पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसी के नेता की एजेंसियों से होती है। कुछ दिन पहले ही आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने लड्डू बनाने में उपयुक्त घी में मिलावट का मुद्दा उठाया था। अब जब इस मामले ने शुक्रवार को तूल पकड़ा है तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की सरकार से तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस मामले की भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से जांच कराने की बात कही है। एफएसएसएआई केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक वैधानिक निकाय है। कांग्रेस ने सीबीआई जांच की मांग की है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायडू राजनीतिक लाभ के लिए 'घृणित आरोप' लगा रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में प्रसादम लड्डू की आपूर्ति करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सफाई दी है कि मंदिर निकाय को घी आपूर्ति करने वालों ने आंतरिक मिलावट की जांच सुविधा की कमी का फायदा उठाया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामल राव ने बताया कि प्रयोगशाला परीक्षणों में चयनित नमूनों में पशु चर्बी और लार्ड (सूअर की चर्बी) की मौजूदगी का पता चला है। श्यामल राव की नियुक्ति हाल ही में चंद्रबाबू सरकार ने की है। यहां सवाल है कि प्रसादम लड्डू बनाने में प्रयुक्त घी में अगर पशु चर्बी की मिलावट है, तो यह गंभीर चिंता की बात है। घी आपूर्तिकर्ता के मन में यह कतई भय व श्रद्धा नहीं है कि लड्डू का प्रयोग प्रसाद के लिए होगा। इस मामले की बारीकी से जांच होनी चाहिए। इस लड्डू को बनाने की परंपरा 300 वर्ष पुरानी है। ऐसे में आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। यह विदित है कि भारत में अधिकांश खाद्य उत्पादों में मिलावट है। सरकारी नियामक के काम करने के बावजूद पैक्ड फूड की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। सभी कंपनियों के दूध, घी व अन्य डेयरी उत्पादों की जांच होनी चाहिए। सभी मंदिरों के प्रसाद की भी जांच होनी चाहिए। सरकार को मालूम है कि देश में दूध व घी के उत्पादन मांग के मुकाबले कम हैं, ऐसे में सिंथेटिक दूध, मिलावटी दूध व घी, मिलावटी डेयर उत्पादों की आपूर्ति की प्रवृत्ति बढ़ी है। मिलावटी व खराब खाद्य पदार्थ के चलते हर वर्ष करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं, अनेक की जान चली जाती है। मिलावटी खाद्य गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। तिरुमला तिरुपति लड्डू मामले की ईमानदारी से जांच होनी चाहिए और राजनीति के लिए वेंकटेश्वर मंदिर की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं करना चाहिए।



**डिजिटल सुविधा**
प्रमोद भार्गव

# जनगणना में स्व-गणना की सुविधा

> जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते संभव नहीं हो पाई। अब इस ऑनलाइन गणना के साथ आगे बढ़ाने की पहल की जा रही है, जिससे भारतीय नागरिकों की गिनती जल्द हो सके। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो संभव है 2031 की गणना पूरी तरह ऑनलाइन हो? इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन प्रयोग अद्वितीय है। लेकिन जनता के स्थायी और गतिशील पंजीकरण के दृष्टिगत जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनगणना की जवाबदेही सौंप दी जाए। यह नवाचार जहां 10 साला जनगणना की बोझिल परंपरा से मुक्त होगा, वहीं देश के पास प्रतिमाह प्रत्येक पंचायत स्तर से जीवन और मृत्यु की गणना के सटीक व विश्वसनीय आंकड़े मिलते रहेंगे।

ई बाजार, ई-आवेदन, रेल व बस में आरक्षण ई-भुगतान के बाद अब ई-जनगणना की भी देश में शुभ शुरुआत होने जा रही है। इसमें जन्म और मृत्यु दोनों डिजिटल जनगणना से जुड़े होंगे। हर जन्म के बाद डिजिटल जनगणना खुद ही अद्यतन हो जाएगी और जब किसी की मृत्यु होगी तो उसका नाम खुद ही डाटा से डिलीट हो जाएगा। सेंसर रजिस्टर यानी जनगणना में बच्चे के जन्म, माता-पिता, जाति और जन्म स्थान की जानकारी समेत 31 प्रश्नों के उत्तर दर्ज हो जाएंगे। बालक जब 18 साल का होगा तो खुद ही उसका नाम चुनाव आयोग के पास चला जाएगा। नतीजतन उसका मतदाता पहचान पत्र बनने के साथ मतदाता सूची में भी नाम स्वमेव दर्ज हो जाएगा। इस तरह से जनगणना का डाटा हमेशा खुद अद्यतन होता रहेगा।

राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर (एनपीआर) की प्रक्रिया पर करीब 12000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। डिजिटल जनगणना की घोषणा 1 फरवरी 2021 को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी। जनगणना-2021 में नागरिकों को गणना में शामिल होने की एक बेहतर और अनूठी ऑनलाइन सुविधा दी गई है। जनगणना (संशोधन)-2022 के अनुसार परंपरागत तरीके से तो जनगणना घर-घर जाकर सरकारी कर्मचारी करेंगे ही, लेकिन अब नागरिक स्व-गणना के माध्यम से भी अनुसूची प्रारूप भर सकता है। इसके लिए पूर्व नियमों में 'इलेक्ट्रॉनिक फार्म' शब्द जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत मीडिया, मैग्नेटिक, कंप्युटर जनित माइक्रोचिप या इसी तरह के अन्य उपकरण में तैयार कर भेजी या संग्रहित की गई जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक फार्म में दी गई जानकारी माना जाएगा। यानी एनरायड मोबाइल से भी अपनी गिनती दर्ज की जा सकेगी। याद रहे यह जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते संभव नहीं हो पाई। अब इस ऑनलाइन गणना के साथ आगे बढ़ाने की पहल की जा रही है, जिससे भारतीय नागरिकों की गिनती जल्द हो सके। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो संभव है 2031 की गणना पूरी तरह ऑनलाइन हो? इसमें कोई दो राय नहीं कि ऑनलाइन प्रयोग अद्वितीय है। लेकिन देश की जनता के स्थायी और निंरतर गतिशील पंजीकरण के दृष्टिगत अब जरूरी है कि ग्राम पंचायत स्तर पर जनगणना की जवाबदेही सौंप दी जाए।

गिनती के विकेंद्रीकरण का यह नवाचार जहां 10 साला जनगणना की बोझिल परंपरा से मुक्त होगा, वहीं देश के पास प्रतिमाह प्रत्येक पंचायत स्तर से जीवन और मृत्यु की गणना के सटीक व विश्वसनीय आंकड़े मिलते रहेंगे। जनगणना की यह तरकीब अपनाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि तेज भागती यांत्रिक व कंप्यूटरीकृत जिदंगी में सामाजिक, आर्थिक व शैक्षिक बदलाव के लिए सर्वमान्य जनसंख्या के आकार व संरचना का दस साल तक इंतजार नहीं किया जा सकता? वैसे भी भारतीय समाज में जिस तेजी से लैंगिक, रोजगारमूलक और जीवन स्तर मे परिवर्तन आ रहे हैं, उसकी बराबरी के प्रयासों के लिए भी जरूरी है कि हम जनगणना की परंपरा में आमूलचूल परिवर्तन लाएं? जनसंख्या के आकार, लिंग और उसकी आयु के अनुसार उसकी जटिल संरचना का कुछ ज्ञान न हो तो आमतौर पर अर्थव्यवस्था



के विकास की कालांतर में प्रगति, आमदनी में वृद्धि, खाद्य पदार्थों व पेयजल की उपलब्धता, आवास, परिवहन, संचार, रोजगार के संसाधन, शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा के पर्याप्त उपायों के इजाफे के पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। जनसंख्या में वृद्धि के अनुपात में ही लोकसभा और विधानसभा सीटों को परिसीमन के जरिए बढ़ाया जाता है। जनगणना में निरंतरता इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश व दुनिया में जनसंख्या वृद्धि विस्फोटक बताई जा रही है। धरती पर जितनी तेजी से मानव समुदायों की आबादी उन्नीसवीं सदी में बढ़ी है, उतनी तेजी से बढ़ोतरी पहले कभी दर्ज नहीं हुई। जनसंख्या वृद्धि दर का आकलन करने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में प्रति वर्ष एक करोड़ 60 लाख आबादी बड़ जाती हैं। इस दर के अनुसार हमें अपने देश की करीब एक अरब 40 करोड़ लोगों की एक निश्चित जनसंख्या प्रारूप में गिनती करनी है, ताकि व्यक्तियों और संसाधनों के समतुल्य आर्थिक व रोजगारमूलक विकास का खाका खींचा जा सके।

जनसंख्या का यह आंकड़ा अज्ञात भविष्य के विकास की कसौटी पर खरा उतरे, उसका मूलाधार वैज्ञानिक तरीके से की गई सटीक जनगणना ही है। हरेक दस साल में की जाने वाली जनगणना में करीब 20 लाख कर्मचारी जुटते हैं। छह लाख ग्रामों, पांच हजार कस्बों, सैकड़ों नगरों और दर्जनों महानगरों के रहवासियों के द्वार-द्वार दस्तक देकर जनगणना का कार्य करना कर्मचारियों के लिए जटिल होता है। यह काम तब और बोझिल हो जाता है जब किसी कर्मचारी-दल को उसके स्थानीय दैनंदिन कार्य से दूर कर उसे दूरांचल गांव में भेज दिया जाता है। ऐसे हालात में गिनती की जल्दबाजी में वे मानव समूह छूट जाते हैं, जो आजीविका के लिए मूल निवास स्थल से पलायन कर जाते हैं। इसलिए जरूरी है कि जनगणना की प्रक्रिया के वर्तमान स्वरूप को बदलकर एक ऐसे स्वरूप में तब्दील किया जाए, जिससे इसकी गिनती में निरंतरता बनी रहे। केवल गिनती की केन्द्रीयकृत जटिल पद्धति को विकेन्द्रीकृत करके सरल करना है।

गिनती की यह तरकीब ऊपर से शुरू न होकर नीचे से शुरू होगी। देश की सबसे छोटी राजनीतिक व प्रशासनिक इकाई ग्राम पंचायत है, हमें करना सिर्फ इतना है कि तीन प्रतियों में एक जनसंख्या पंजी पंचायत कार्यालय में रखनी है। इसी पंजी की प्रतिलिपि कंप्युटर में फीड जनसंख्या प्रारूप पर भी दर्ज हो। परिवार को इकाई मानकर सरपंच, सचिव और पटवारी को यह जवाबदेही सौंपी जाए कि वे परिवार के प्रत्येक सदस्य का नामकरण व अन्य जानकारियां जनसंख्या प्रारूप के अनुसार इन पंजियों में दर्ज करें। गांव में किसी भी शिशु के पैदा होने की जानकारी और किसी भी व्यक्ति की मृत्यु की जानकारी तुरंत पूरे गांव में फैल जाती है, अतः इस जानकारी को अविलंब पंजी में दर्ज किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत पर एकत्रित होने वाली यह जानकारी प्रत्येक माह एक निश्चित तारीख को विकास खण्ड स्तर पर पहुंचाकर पंजी की एक प्रति विकासखण्ड कार्यालय में रखी जाए। सभी विकास खण्डों की यह जानकारी जिला स्तर पर बुलाई जाए और यहां इसका एकीकरण कर इस गिनती को कंप्यूटर में फीड किया जाए। इस तरह सभी विकास खण्डों के आंकड़ों की गणना कर जिले की जनगणना प्रत्येक माह होती रहेगी। जिलावार गणना के डाटा को प्रदेश स्तर पर और प्रदेश जनसंख्या के आंकड़ों को देश की राजधानी में जनसंख्या कार्यालय में संग्रहीत कर प्रत्येक माह देश की जनगणना का वैज्ञानिक व प्रामाणिक आंकड़ा मिलता रहेगा। नगरों में वार्ड वार जनगणना के लिए गिनती की उपरोक्त प्रणाली ही अपनाई जाए। इस गिनती में जितनी पारदर्शिता और शुद्धता रहेगी, उतनी किसी अन्य पद्धति से संभव नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व शांति दिवस

डॉ. एस.डी. वैष्णव



# वैश्विक शांति में प्रासंगिक है टॉलस्टॉय का साहित्य

विश्व में शांति स्थापित करने में संयुक्त राष्ट्र संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राष्ट्रों और लोगों के बीच अहिंसा, शांति और युद्ध विराम के आदर्शों को बढ़ावा देना ही विश्व शांति दिवस का ध्येय रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसे अहिंसा व संघर्ष विराम के माध्यम से शांति के आदर्शों को मजबूत करने के लिए समर्पित दिन के रूप में घोषित किया है। आज वैश्विक शांति के सामने नस्लवाद, जनसंख्या, शरणार्थी संकट, अराजकता, महामारी, जलवायु संकट और राष्ट्रों की वर्चस्ववादी विस्तारवाद वाली नीतियां भी प्रमुख चुनौतियों के रूप में खड़ी हैं। अधिकांश देशों की साम्राज्य विस्तार की यही नीतियां युद्ध को जन्म देती हैं। बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के कारण देशों के बीच भरोसे दरक रहे हैं। इस कारण हर देश ने अपने विरोधी देश की ओर मिसाइलें तान रखी हैं और बॉर्डर पर लाखों सैनिक खड़े कर रखे हैं। मनुष्यता दांव पर लगी है, लेकिन इन लोगों के लिए मनुष्यता का कोई औचित्य नहीं है। लेकिन यह भी सनद रहे कि कितना भी शक्तिशाली राष्ट्र या व्यक्ति क्यों न हो, युद्ध जीतकर भी एक दिन वह हार ही जाता है। युद्ध की विभीषिका ऐसी होती है कि हर सभ्य समाज युद्ध से किनारा करना चाहेगा। एक मनुष्य दूसरे मनुष्य को जो सबसे बड़ा उपहार दे सकता है वह क्या है? युद्ध, हथियार? नहीं! वह है- शांति। लेकिन इसके विपरीत हम एक युद्ध की नींव पर दूसरे युद्ध की इमारत खड़ी कर रहे हैं।

विश्व में शांति स्थापित करने में विश्वभर के साहित्यकारों ने भी अपने-अपने तरीकों से योगदान दिया है। यूक्रेन- रूस और मिडिल-ईस्ट में हो रहे युद्धों से जिस तरह से हालात बिगड़ रहे हैं और जिस तरह की तस्वीरें सामने आ रही हैं, निश्चित रूप से हमें विचलित करने वाली हैं। ऐसे समय में हमें याद आते हैं, उन्नीसवीं सदी के सर्वाधिक सम्मानित, रूस के चर्चित लेखक-



लियो टॉलस्टॉय। काश! साम्राज्य विस्तार की चाह रखने वाले शासकों ने टॉलस्टॉय को कभी ठीक से पढ़ा होता। रूस के यास्नाया पोलीना में एक संपन्न परिवार में जन्मे टॉलस्टॉय ने रूसी सेना में भर्ती होकर क्रीमियाई युद्ध में भाग लिया। युद्ध के पश्चात उन्होंने लाशों के जो ढेर देखे, उन्हें देखकर उनका मन विचलित हुआ और उन्होंने सेना की नौकरी ही छोड़ दी।

इस युद्ध के पश्चात टॉलस्टॉय ने साहित्य जगत को अपनी क्लासिक रचना 'वार एंड पीस' दी। लगभग डेढ़ सौ साल पहले लिखी इस रचना की प्रासंगिकता आज भी है। विचार के तल पर युद्ध की विभीषिकाओं के समानांतर मनुष्य सभ्यता के लिए शांति के महत्व को सामने लाना ही इस कृति का उद्देश्य रहा है। टॉलस्टॉय के इन्हीं विचारों के कारण गांधीजी भी उनकी ओर खिंचे चले गए। अपने दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान गांधीजी ने टॉलस्टॉय के साहित्य का विशद अध्ययन किया और मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अहिंसा को विरोध का शस्त्र बनाया। टॉलस्टॉय के जीवन के अंतिम दिनों में दोनों के मध्य पत्राचार भी हुआ। टॉलस्टॉय का मानना था कि युद्ध होना अच्छी बात नहीं है। मानव जीवन की सभ्यता इसी में है कि हमेशा विश्व में शांति बनी रहे। शांति ही तरक्की का द्योतक है। उनका यह भी मानना था कि अगर कभी युद्ध की स्थिति बन जाए, तो फिर परिणाम निर्णायक हो, अन्यथा युद्ध हो ही नहीं। युद्ध में कोई भी हारे या जीते, नुकसान तो मनुष्यता का ही होगा। बहरहाल, हमें उन बुनियादी सिद्धांतों के साथ, उस फ्रेमवर्क में लौटने की आवश्यकता है, जिसकी नींव पर मनुष्यता और आने वाली पीढ़ी के सपनों को जिंदा रखा जा सके। आज जिस तरह से देशों के मध्य खून- खराबा हो रहा है और मनुष्यता बौनी नजर आ रही है, ऐसे में टॉलस्टॉय और उनकी रचनाएं बहुत ज्यादा प्रासंगिक हो जाती हैं। 'वार एंड पीस' ही नहीं, बल्कि उनकी छोटी-छोटी कहानियां भी हमें भीतर तक झकझोरती हैं।

लियो टॉलस्टॉय एक ऐसे साहित्यकार थे जो धन-दौलत और संपन्न परिवार में पैदा होकर भी गरीब, असहाय लोगों के बीच रहकर दुनिया को अलविदा कह गए। उनके साहित्य की अनुगूंज ने विश्व साहित्य को नई ऊंचाइयां दी। इधर अब आप भी उनके साहित्य से वाबस्ता हो लें। उन्हें पढ़ने की लगन ऐसी कि हाय! अब छोड़े ना छूटे।

(लेखक कथाकार व शिक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश को देवता का दर्जा



संकलित
**दर्शन**

प्रदूषण की विनाशलीला को देखते हुए भारतीय ऋषियों ने कदम-कदम पर मानव को सजग किया है। चूंकि मनुष्य पंचमहाभूतों का समन्वय रूप है इसलिए सबसे पहले आध्यात्मिक महापुरुषों ने इसे जन्म से लेकर मृत्यु तक के अलग-अलग संस्कारों के साथ जोड़ दिया, ताकि मां के गर्भ में आने से लेकर सौ वर्ष तक वह अदैन्य भाव में जी सके। सबसे पहले भारतीय ऋषियों ने वसुधैव कुटुंबकम्-की जो परिकल्पना की, उसमें नख से लेकर शिख तक पूरा शरीर एक वसुधा (धरती) के समान है। शरीर के किसी भी हिस्से में तकलीफ है तो यह शरीर रूपी विश्व को प्रभावित करेगी। इसके अलावा मनुष्य के जीने के जितने भी स्नेत हैं, वे सभी कुटुंब के सदस्यों की तरह हैं। जिसे 'क्षिति, जल, पावक, गगन, समीरा, पंच रचित यह अधम शरीरा' से समझा जा सकता है। शरीर का आंतरिक हिस्सा चूंकि अधम है इसलिए वाह्य प्रकृति से उत्तमोत्तम पदार्थ ग्रहण कर उसके स्वरूप को और अधिक विकृत होने से बचाया जाना नितांत जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश सबको देवता का दर्जा दिया गया। द्वापर युग के महानायक भगवान श्रीकृष्ण का पूरा जीवन ही प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष और जन जागरण का है। उम्र की परवाह न कर वह यमुना के प्रदूषित तत्व कालिया नाग का वध, प्रदूषित अग्नि लगाने वाले प्रलंबासुर का वध, अंतरिक्ष को शुद्ध करने के लिए व्योमासुर का वध, धरती की शुद्धता के लिए गो पालन करते हैं। त्रेता युग में रावण ने भी खर और दूषण नामक पर्यावरण-शत्रु तैनात किया था। श्रीराम ने इनसे धरती माता को मुक्त किया।

# लक्ष्मी जी कहाँ निवास करतीं हैं



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों।

## अंतर्मन




## आज की पाती

**टैक्नोलॉजी न बने मानव जाति का काल**

हाल ही में बेरूत, जो कि लेबनान की राजधानी है, में एक हैरतअंगेज खबर सामने आई है। खबर के अनुसार वहां पहले पेजर, जिसका प्रयोग टैक्स्ट मैसेज भेजने के लिए किया जाता है और इसके बाद वहीं वॉकी-टॉकी में अचानक धमाके हुए, इनमें कुछ लोगों की जान भी गई और कुछ घायल भी हुए। यह धमाके अगर शरारती तत्वों ने इन चीजों को हैक करके किए हैं, तो यह एक बहुत बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए क्योंकि ऐसे तो आने वाले समय में यह शरारती तत्व और भी टैक्नोलॉजी की चीजों का दुरुपयोग कर सकते हैं। यह सारी दुनिया के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। सारी दुनिया के देशों को इस पर काम करना चाहिए और सभी वैज्ञानिकों को कोई ऐसा तरीका खोजना चाहिए, ताकि टैक्नोलॉजी मानव जाति के लिए घातक न बने। - **मुकेश वाधवा**, चिरमिरी

## ट्रेंड

### नक्सलवाद की क्रूरता



नक्सलवाद की एक ही विचारधारा है विध्वंस और हिंसा। ह्यूमन राइट्स की आड़ में अपने लिए ही संवेदना बटोरना नक्सलियों की रणनीति रही है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हिंसा के शिकार इन लोगों के जख्म नक्सलवाद की अमानवीयता और क्रूरता के जीवंत प्रतीक हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### हैरिस को जिताएं



कमला हैरिस ने अपना जीवन उन लोगों के लिए लड़ते हुए बिताया है जिन्हें एक आवाज और एक चैंपियन की जरूरत है। वह राष्ट्रपति बनने के लिए बिल्कुल तैयार है; आइए उन्हें निर्वाचित होने में मदद करें।

**- बराक ओबामा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति**

### उत्कृष्ट साझेदारी



अश्विन और जड़ेजा की उत्कृष्ट साझेदारी गेम-चेंजर रही है। दोनों के जादू की हमें जरूरत थी। उन्होंने अपनी शानदार बल्लेबाजी से गति को भारत के पक्ष में कर दिया है। एक असाधारण प्रदर्शन!

**-सुरेश रैना, क्रिकेटर**

### अंतरिक्ष अन्वेषण जरूरी



ये बहुत ही आश्चर्यजनक खबर है। अंतरिक्ष सिर्फ नई सीमा नहीं है, यह नई अर्थव्यवस्था है। भारत को आगे रहने के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण अत्यंत आवश्यक है।

**-शेखर कपूर, फिल्म निर्माता**

## करंट अफेयर

# गुरु नानक की पुण्यतिथि के लिए करतारपुर में जुटे श्रद्धालु



सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की 485वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पूरी दुनिया से आए सिख श्रद्धालु पाकिस्तान के करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में शुक्रवार को जमा हुए। बड़ी संख्या में स्थानीय और विदेशी सिख श्रद्धालु शुक्रवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए आए हैं। भारतीय श्रद्धालु करतारपुर गलियारे के माध्यम से अनुष्ठानों में शामिल होंगे। करतारपुर परियोजना प्रबंधन इकाई के उप सचिव सैफुल्लाह खोखर ने बताया कि करीब 500 सिख श्रद्धालु कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप सहित विभिन्न देशों से आए हैं। भारत से करीब 1500 श्रद्धालुओं के करतारपुर गलियारे के माध्यम से आने की उम्मीद है।खोखर ने बताया, बाबा गुरु नानक के पहले मुस्लिम अनुयायी भाई मरदाना की आदमकद प्रतिमा गुरुद्वारा दरबार साहिब के करीब स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आने वाले सिख श्रद्धालुओं को गुरुनानक उद्यान में लगे खजूर और अन्य फलों से तैयार प्रसाद दिया जाएगा। तीन दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत 'आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब' से होगी और शनिवार को 'नगर कीर्तन' का आयोजन किया जाएगा।

## ऑफ बीट

# दर्द क्यों थकाऊ होता है? यांत्रिक रूप से हमें रोकता है



ब्रिटेन में दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि दर्द और थकान, सक्रिय और सार्थक जीवन जीने में दो सबसे बड़ी बाधाएं हैं। लेकिन लंबे समय तक दर्द इतना थका देने वाला क्यों होता है? इसका एक संकेत दर्द की प्रकृति और हमारे विचारों और व्यवहारों पर उसका शक्तिशाली प्रभाव है। अल्पकालिक पीड़ा आपको बचा सकती है, दर्द के बारे में सोचने के आधुनिक तरीके इसके सुरक्षात्मक प्रभाव पर जोर देते हैं। क्योंकि इस तरह से यह आपका ध्यान आकर्षित करता है और शरीर के किसी हिस्से को सुरक्षित रखने के लिए आपको अपना व्यवहार बदलने के लिए मजबूर करता है। इसे आजमाएं। अपनी त्वचा पर चिकोटी काटिए। जैसे-जैसे आप दबाव बढ़ाएंगे, आप महसूस करेंगे कि जब तक कि एक समय ऐसा न आ जाए कि यह दर्दनाक हो जाए, भावनाएं बदलती हैं। यह दर्द ही है जो आपको ज्यादा दबाने से रोकता है, है न? इस तरह, दर्द हमारी रक्षा करता है। जब हम चोटिल होते हैं, ऊतक क्षति या सूजन के कारण हमारा पीड़ा तंत्र अधिक संवेदनशील हो जाता है। यह दर्द हमें क्षतिग्रस्त ऊतक को ठीक होने के दौरान यांत्रिक रूप से दबाव डालने से रोकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने वाले लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कारवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, हम भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के द्वारा अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाह अधिकारियों पर तत्काल कड़ी कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि रद्दी शेष पेज 4 पर

# 60 टन रद्दी में निकली 40 टन किताबें

*तीन बिंदुओं पर होगी जांच, पुलिस करेगी ट्रेस- कहां से आईं किताबें?*

## छंटाई करते हांफ गया जांच दल, अब होगी एफआईआर, जीएम समेत दो सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा छापी गई शैक्षणिक सत्र 2024-25 की नई किताबों को कबाड़ में बेचे जाने के मामले में राज्य सरकार एक्शन में आ गई है। इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर पापुनि के महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। खास बात ये है कि मामला सामने आने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने जांच के लिए जो कमेटी बनाई थी, उसमें निलंबित हुए महाप्रबंधक भी शामिल थे। महाप्रबंधक के अलावा पाठ्य पुस्तक निगम के पुस्तक वितरण प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर को भी निलंबित कर शेष पेज 4 पर



### इधर... निजी स्कूलों में पहुंची जांच टीम

रद्दी घोटाले के बाद निजी स्कूलों में भी जांच की जा रही है। निजी विद्यालयों द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय से किताबें लेने के बाद उन्हें बच्चों में बांटा गया अथवा रद्दी में बेच दिया गया, इसकी जांच की जा रही है। सभी जिलों में नोडल प्राचार्य इसकी जांच कर रहे हैं। शुक्रवार को रायपुर के रायपुरा तथा चंगोराभाठा स्थित कई विद्यालयों में दल जांच के लिए पहुंचा। इसके शेष पेज 4 पर

### जारी है जांच

महाप्रबंधक को राज्य शासन ने निलंबित किया है। इस मामले की जांच चल रही है, यह जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

- **राजेंद्र कटारा**, एमडी पापुनि

### किताबें जांच रहे

किताबें कबाड़ में मिलने के बाद अधिकारियों द्वारा निजी स्कूलों में जांच की जा रही हैं। छात्रों को किताबें मिली हैं अथवा नहीं, इसकी जांच करने के लिए टीमें आ रही हैं।

- **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन

## इधर, सरगुजा में ऐसा घपला

# डीईओ कार्यालय के प्रभारी लिपिक व चपरासियों ने रद्दी में बेच दी निःशुल्क पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सूरजपुर

- खुलासा होने के बाद डीइओ ने 3 कर्मचारियों को किया निलंबित

शासन द्वारा अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तकें अभी तक स्कूलों में नहीं पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ प्रभारी लिपिक एवं भृत्यों ने हजारों पुस्तकें शेष पेज 4 पर

### की जा रही गणना

जांच में प्रभारी लिपिक एवं दो भृत्यों द्वारा गोदाम में रखी निःशुल्क पुस्तकें रद्दी में बेचने की जानकारी मिली है। दोषी तीनों कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। गोदाम की पुस्तकों की गणना कराई जा रही है।

- **ललित पटेल**, डीईओ, सूरजपुर

### 150 स्कूलों में नहीं पहुंची पुस्तकें

सूरजपुर जिलान्तर्गत लगभग 300 अशासकीय स्कूल संचालित हैं जिनमें 4 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिले के 150 स्कूलों ने पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पुस्तकें ले ली है जबकि शेष 150 अशासकीय स्कूलों की शेष पेज 4 पर

---

### तिरूपति मंदिर मामले के विवाद से देशभर में आक्रोश, सीबीआई जांच की भी मांग

# तिरूपति प्रसादम मामले में बनी जांच समिति केंद्र ने मांगी रिपोर्ट, जगन की पार्टी पहुंची हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिरूपति

तिरूपति मंदिर में भक्तों के प्रसादम (लड्डू) में जानवर की चर्बी मिले होने की रिपोर्ट सामने आने के बाद पूरे देश में आक्रोश का माहौल निर्मित है। इस मामले को लेकर जमकर सियासत भी चल रही है तथा सीबीआई जांच की मांग भी उठने लगी है। इन सबके बीच तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने घी की गुणवत्ता की जांच के लिए 4 सदस्यीय समिति गठित की है जो एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। इधर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से लड्डू में जानवर की चर्बी के कथित इस्तेमाल पर रिपोर्ट मांगी है। नड्डा ने कहा कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण रिपोर्ट की जांच करेगा और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को लेकर वर्तमान सीएम चंद्रबाबू नायडू एवं तत्कालीन सीएम जगन मोहन रेड्डी सहित कांग्रेस-भाजपा के बीच भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। वहीं जगन मोहन रेड्डी की वायएसआर पार्टी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाई.एस. शर्मिला ने तिरुपति प्रसादम विवाद पर कहा कि यह करोड़ों लोगों की भावनाओं और विश्वास से संबंधित है। यह कोई छोटा मामला नहीं है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भी पत्र लिखकर इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। कांग्रेस ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है।

## अयोध्या के संत भड़के, राममंदिर समारोह में बंटे थे यही लड्डू

### जांच समिति में इन्हें किया गया शामिल

टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने कहा कि समिति में डेयरी विशेषज्ञ सुरेंद्रनाथ, विजय भास्कर रेड्डी, स्वर्णलता और महादेवन शामिल हैं, जो एक हफ्ते में अपनी रिपोर्ट देगी। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने कहा कि समिति न केवल गुणवत्ता की जांच करेगी बल्कि निविदाओं में गुणवत्तापूर्ण घी की खरीद के लिए शामिल की जाने वाली शर्तों पर भी सलाह देगी।

### वर्तमान सप्लायर कंपनी ने दी अपनी सफाई

वर्तमान में मंदिर को घी सप्लाई कर रही एआर डेयरी प्रोडक्ट्स ने कहा, जून और जुलाई में मामला सामने आया था। हमने स्वीकृति के बाद चार टैंकर (घी) दिए। पांचवें टैंकर की उन्होंने शिकायत की है। हमने इसे चैलेंज किया है। प्रसादम के लिए रोजाना 10 टन की जरूरत है जबकि हम 0.1% भी सप्लाई नहीं कर रहे हैं। हम प्रतिष्ठित एनएपीएल लैब में परीक्षण और एगमार्क अथॉरिटी द्वारा प्रमाणित होने के बाद ही टैंकर भेज रहे हैं।



### पूर्व सप्लायर कंपनी ने बताया पूरा सच

तिरूपति मंदिर के लिए पिछले 50 सालों से घी सप्लाई कर रही केसीएमएफ ने घी सप्लाई का ठेके को लेकर कहा कि भाजपा सरकार उन्हें काफी कम पैसे दे रही थी। इसके बाद जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने जुलाई 2023 घी सप्लाई का ठेके के लिए टेंडर निकाला, जिसमें 5 कंपनियों ने भाग लिया। इन पांच कंपनियों में से एक तमिलनाडु की एक कंपनी एआर डेयरी एंड एग्रो फूड्स ने 320 रुपये लीटर घी देने का टेंडर दिया उसका टेंडर स्वीकार कर लिया गया जिसमें चर्बी पाई गई।

### 50 साल से सप्लाई करने वाले से नहीं लिया गया घी

मिली जानकारी के मुताबिक, तिरुपति तिरुमाला देवस्थानम ट्रस्ट हर दिन 3.50 लाख लड्डू बनते हैं। इन लड्डुओं को करीबन 200 ब्राह्मण मिलकर बनाते हैं। इसके लिए जुलाई 2023 से पहले तिरुपति मंदिर में कर्नाटक कॉपरेटिव मिल्क फेडरेशन घी सप्लाई करता था। यह कंपनी करीबन 50 सालों से घी की सप्लाई कर रही थी लेकिन वर्तमान में ठेका दूसरे के पास है। सरकार ने वर्तमान में घी सप्लाई करने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया।

### नायडू भगवान के नाम पर कर रहे राजनीति : टीडीपी

जगन मोहन रेड्डी ने कहा कि टीडीपी धार्मिक मामलों का राजनीतिकरण कर रही है। चंद्रबाबू नायडू की मानसिकता राजनीति के लिए भगवान का इस्तेमाल करने की है। उन्होंने कहा कि चंद्रबाबू नायडू अपने 100 दिनों के शासन से लोगों का ध्यान हटाने के लिए घी में मिलावट के आरोप लगा रहे हैं।

### सनातन धर्म को अपवित्र करने का षडयंत्र : भाजपा

हैदराबाद के भाजपा विधायक टी राजा सिंह ने कहा कि जगनमोहन रेड्डी की जब सरकार थी तो उसकी सरकार के समय पर हमारे धर्म को अपवित्र करने का जो षडयंत्र किया गया आज वो सामने आ रहा है। जगनमोहन रेड्डी की सरकार के समय पर बीफ ऑयल यानि गाय भैस की जो चर्बी होती है उसका ऑयल निकालकर उस लड्डू में मिलाया जा रहा था। चंद्रबाबू नायडू की सरकार बनने के बाद यह षडयंत्र उजागर हुआ।

---

### किडनेपरों ने धमतरी में छोड़ा बच्चा, हाथ पर लिखा

# यह बच्चा दंतेवाड़ा का है



हरिभूमि न्यूज:धमतरी/जगदलपुर

दंतेवाड़ा से 1 सितंबर को अपहत किया गया 6 माह का बच्चा धमतरी में बरामद किया गया है। अपहरण करने वाले मासूम को सड़क के किनारे छोड़कर भाग गए थे। बच्चे के हाथ पर एक टैग था, जिसमें लिखा था दंतेवाड़ा। जानकारी के अनुसार 20 दिन पहले दंतेवाड़ा से एक पांच माह के बच्चे का अपहरण हो गया था जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी, शुक्रवार के दोपहर केरेगांव पुलिस को ग्राम कुर्माझर मोड़ के पास एक बच्चे की लावारिस हालत में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहां एक 5-6 माह का बच्चा पड़ा हुआ था। पुलिस तत्काल उसे अपनी सुरक्षा में लेकर जांच शुरू कर दी।

### 20 दिन पहले हुआ था अपहरण

बच्चे के पास एक पर्ची बरामद की गई, जिसमें दंतेवाड़ा लिखा हुआ था। जांच में पता चला कि उक्त बच्चे का 20 दिन पहले दंतेवाड़ा से अपहरण हो गया था। केरेगांव पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चे को लेकर कांकेर पहुंची। जहां बाल कल्याण समिति में काउंसिलिंग के बाद बच्चे को सुरक्षित बाल गृह कांकेर को सौंप दिया है।

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### केंद्र की फैक्ट-चेक यूनिट असंवैधानिक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने आईटी नियमों में किए गए 2023 के संशोधनों को असंवैधानिक घोषित कर दिया। इन संशोधनों के तहत केंद्र सरकार को सोशल मीडिया पर 'फर्जी और भ्रामक' सूचनाओं की पहचान करने के लिए एक फैक्ट-चेक यूनिट स्थापित करने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने इसे समानता का अधिकार और भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन माना। केंद्र सरकार इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकती है। यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है।

### खाई में गिरी सेना की बस 4 की मौत, 32 घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम क्षेत्र के वाटरहेल इलाके के ब्रेल गांव में सीमा सुरक्षा बल के जवानों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इससे बस में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि जी/124 बीएसएफ की 1 कंपनी 25 सितंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए बस में सवार को होकर खानसाहिब जा रही थी। घायलों में 4 जवानों की हालत गंभीर है। मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों व नागरिकों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

---

### कार्रवाईयां हटीं, ब्लैंक वीडियो प्रदर्शित

# सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक अमेरिकी क्रिप्टोकरेंसी का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत के उच्चतम न्यायालय के आधिकारिक यूट्यूब चैनल को शुक्रवार की सुबह हैक कर लिया गया। इस घटना ने पूरे सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। हैकर्स ने चैनल पर सुप्रीम कोर्ट से जुड़े मामलों की वीडियो सामग्री को हटाकर उसकी जगह अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स द्वारा विकसित क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी का प्रचार किया। हैक होने के बाद चैनल पर एक ब्लैंक वीडियो प्रदर्शित किया जा रहा है, जिसमें 'ब्रैड गार्लिंगहाउसः रिपल ने एसईसी के 2 बिलियन डॉलर के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी' जैसे शीर्षक दिखाई दे रहे हैं। इस घटना ने न्यायपालिका की सुरक्षा प्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

सुप्रीम कोर्ट इस यूट्यूब चैनल के जरिए जनहित से जुड़े मुद्दे पर लाइव स्ट्रीमिंग करता था। साल 2018 के दौरान उस वक्त के तत्कालीन सीजेआई यूयू ललित की अध्यक्षता में कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से फैसले में शीर्ष अदालत ने सभी संविधान पीठ की सुनवाई की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम करने का फैसला किया गया था तभी से सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की लाइव स्ट्रीमिंग कर रहा है।




### हैक करने के बाद बदल दिया नाम

सुप्रीम कोर्ट का चैनल हैक होने के बाद चैनल का नाम बदल गया है और साथ ही सुनवाई की सभी लाइव स्ट्रीमिंग भी नहीं दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की जगह रिपल नाम से चैनल दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के वीडियो की जगह पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े ऐड चल रहे हैं। बता दें, ये मामला सामने आते ही तकनीकी विशेषज्ञ इसे ठीक करने में लग गए हैं।

### क्या है मामला?

सुप्रीम कोर्ट के अधिकारिक यूट्यूब चैनल पर शुक्रवार को 'ब्रैड गारलिंगहाउसः रिपल रिस्पॉन्ड्स टू द एसईसी $2 बिलियन फाइन! एक्सआरपी प्राइस प्रीडिक्शन' नाम से एक वीडियो चलने लगी। साथ ही यूट्यूब चैनलका नाम भी बदल दिया गया। वहीं, यूट्यूब चैनल पर पहले से मौजूद सुनवाई के सभी वीडियो को प्राइवेट कर दिया गया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारी ने बताया कि हम इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि वास्तव में क्या हुआ है। लेकिन ऐसा लगता है कि वेबसाइट के साथ छेड़छाड़ की गई है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आधिकारिक यूट्यूब चैनल में समस्या के बारे में शुक्रवार सुबह पता चला और सुप्रीम कोर्ट की आईटी टीम ने इसे ठीक करने के लिए एनआईसी से मदद मांगी है।

### सरकार और न्यायपालिका की प्रतिक्रिया

सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक होना केवल एक तकनीकी खामी नहीं है, बल्कि यह न्यायपालिका के प्रति एक गंभीर चुनौती है। इस घटना के बाद सरकार और न्यायपालिका ने सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने का निर्णय लिया है। तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम तैयार की जा रही है, जो हैकिंग के संभावित खतरों का पूर्वानुमान लगाने और उनके खिलाफ आवश्यक कदम उठाने में मदद करेगी। साथ ही, आम जनता को भी यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि वे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करें।

---

## सौदान सिंह पहुंचे रायपुर, भाजपाइयों ने किया स्वागत



**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह शुक्रवार की शाम को रायपुर पहुंचे। विमानतल पर प्रदेश के पूर्व संगठन प्रभारी का पूर्व मंत्री राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, प्रीतेश गांधी सहित कई भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। श्री सिंह आज रात्रि विश्राम कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में करेंगे। वे शनिवार को पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय के निवास जाएंगे। सौदान सिंह वहां पर सरोज पांडेय के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देंगे।

## स्कूल बैग से निकला सांप ...



**मैनपुर।** गरियाबंद के सरकारी स्कूल मैनपुर में कक्षा 6वीं के छात्र की बैग से जहरीले सर्प नागराज निकलने से हड़कंप मच गया। हालांकि स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों के सूझबूझ से जहरीले सर्प को स्कूल कैंपस से बाहर निकल गया, तब कहीं जाकर स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने राहत की सांस ली। तहसील मुख्यालय मैनपुर के एक सरकारी स्कूल में नगर से लगभग 6 किलोमीटर दूर गांव से पढ़ाई करने स्कूल पहुंचने वाले छात्र की बैग से सर्प निकला था।

---

### 9 सितंबर को एआई फीचर्स के साथ सीरीज को किया था लॉन्च

# आईफोन-16 की ऐसी दीवानगी, रात से ही कतार में खड़े रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एप्पल के नए आईफोन 16 की बिक्री 20 सितंबर से भारत में शुरू हो गई। इसके साथ ही आईफोन को लेकर लोगों की दिवानगी की कहानियों में एक और चैप्टर जुड़ गया। दुनियाभर में लोग इसे खरीदने के लिए घंटों और तो कुछ मामलों में कई दिनों तक लाइनों में खड़े रहते हैं। हमारे यहां भी इसे लेकर कुछ ऐसी ही दिवानगी नजर आई। आईफोन- 16 खरीदने के लिए लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा है। दिल्ली और मुंबई के एप्पल स्टोरों के बाहर तो लोग गुरुवार से ही लाइन लगाकर खड़े हुए हैं। भारत में आईफोन- 16 के लिए लोगों का क्रेज देखने को मिल रहा है। लेटेस्ट आईफोन हाल ही में शेष पेज 4 पर

### सीरीज में ये मॉडल हुए लॉन्च

बता दें कि एप्पल ने नए सीरीज में ए18 बायोनिक चिप के साथ आईफोन-16, आईफोन- 16 प्लस, आईफोन-16 प्रो और आईफोन- 16 प्रो मैक्स की बिक्री शुरू की है। कंपनी ने 9 सितंबर को एआई फीचर्स के साथ आईफोन 16 सीरीज को लॉन्च किया था।




### जानें आईफोन 16 की प्राइस

आईफोन 16 के बेस वेरिएंट में 128 जीबी स्टोरेज है और ये 79,900 रुपये में मिल रहा है। वहीं आईफोन 16 प्लस के 128 जीबी वेरिएंट की कीमत 89,900 रुपये है। दोनों डिवाइस 256 जीबी और 512 जीबी स्टोरेज का भी विकल्प उपलब्ध हैं। आईफोन 16 लाइनअप ब्लैक, पिंक, टील, अल्ट्रामरीन, व्हाइट कलर ऑप्शन में उपलब्ध हैं।

### कई घंटे लाइन में लगकर खरीदा आईफोन

आईफोन 16 सीरीज की बिक्री शुरू होते ही इसके कई मुरीद देश के अलग-अलग राज्यों से दिल्ली और मुंबई के एप्पल स्टोर पर पहुंच रहे हैं। कोई आईफोन पाने के लिए 21 घंटे तो कोई 17 घंटे लाइन में खड़ा रहा। मुंबई एप्पल स्टोर के सामने खड़े लोगों ने बताया कि आईफोन का इतना क्रेज है कि इसे लेने के लिए एक दिन पहले से ही लाईन लग गई थी। आईफोन के शौकीन लोग रात भर दुकान के सामने खड़े रहे।

# राजीव जी जिंदा रहते तो मैं मुख्यमंत्री बन गया होता : बीरेंद्र सिंह

**हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी बीरेंद्र सिंह से जनता टीवी व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद**

चुनावी संवाद



**▶ चौधरी बीरेंद्र सिंह बिना मैदान में उतरे हुए चुनावी मैदान को कैसे देख रहे हैं?**

यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें क्षेत्रीय दल की स्थिति नाम मात्र की है। दूसरी खास बात यह है कि भाजपा इस चुनाव में इस उम्मीद से उतरी है कि शायद तीसरी बार सत्ता प्राप्त हो जाए। इस समय लोगों में कांग्रेस के लिए विशेष आकर्षण है। जनता जान चुकी है कि यदि हम कांग्रेस को समर्थन देंगे तो भाजपा को सत्ता से बाहर किया जा सकता है। इस चुनाव में मतदाता ने वैचारिक रूप से भाजपा को नापना और आंकना शुरू कर दिया है जिसका परिणाम आप बहुत जल्दी देखेंगे।

**▶ यह चुनाव पार्टी का लग रहा है या व्यक्ति का, फैसला नायब सिंह सैनी के बीच होना है या भूपेंद्र सिंह हुड्डा में?**

मुख्यमंत्री होना या फिर मुख्यमंत्री ने क्या कार्य किए और क्या कार्य नहीं किए, यह सवाल मायने नहीं रखते। सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारतीय जनता पार्टी ने 10 साल में किस तरीके से कार्य किए हैं। हरियाणा परंपरागत रूप से ऐसा राज्य रहा है जहां 36 बिरादरी एक साथ मिलजुल कर रही है। एक दूसरे के प्रति घृणा रखना हरियाणा की संस्कृति नहीं है। आज तक जातीय आधार पर किसी ने वोट लेने के लिए लोगों को बांटा नहीं था।

**▶ तो क्या भारतीय जनता पार्टी बांटने की राजनीति कर रही है?**

मैं साबित कर सकता हूं कि भाजपा ने जाति और धर्म का सहारा लेकर लोगों को बांटा है। इन्होंने जिस किस्म की राजनीति की है उसी का परिणाम है कि आज हरियाणा में इनका विरोध हो रहा है।

**▶ आप कह रहे हैं कि भाजपा ने बांटने की राजनीति की है लेकिन आपने भी उसी पार्टी में 9 साल बिताए। बांटने की राजनीति में चौधरी बीरेंद्र सिंह का कितना योगदान रहा?**

मैंने 9 साल भाजपा में रहकर यह जानने की कोशिश की कि इनके जहन में देश, समाज और लोगों के प्रति क्या भावना है।

**▶ आप इसी पार्टी में 2014 में भाजपा का हिस्सा बने थे। आपको तो भाजपा इतनी पसंद थी कि आपने बेटे से इस्तीफा दिलवाकर उसे सदस्यता दिलवाई। आज चौधरी साहब कह रहे हैं कि भाजपा का मामला ठीक नहीं है?**

मैं आज ऐसी बात नहीं कह रहा, शुरू से ही कर रहा हूं। किसानों के जो भी आंदोलन हुए मैं उनके साथ खड़ा था। और भी कई ऐसे मुद्दे थे जिन पर मैं खुलकर बोला करता था। जाट आरक्षण और पहलवान बेटियों के मामले पर भी मैं खुलकर बोला। भाजपा में रहते हुए मैंने कोशिश की थी कि यह पार्टी इस बात को समझे कि वह किस रास्ते पर जा रही है। यह रास्ता हमारी फिलोसॉफी नहीं है और किसी भी प्रजातंत्र में ऐसा नहीं होता जैसे भाजपा कर रही थी।

**▶ आपको साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है तो मुख्यमंत्री कौन बनेगा?**

इसका फैसला हाईकमान करेगा। कांग्रेस की प्रथा है कि वह मुख्यमंत्री का चेहरा आगे नहीं करती।

**▶ कुमारी शैलजा और रणदीप सुरजेवाला भी मुख्यमंत्री के बोल बोल रहे हैं, सबकी इच्छा है तो मौका किसका लगने वाला है?**

मैं जानता हूं कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री का चयन और निर्णय कैसे होता है। हमारे यहां एमएलए से पूछा जाता है, फिर ऑब्जर्वर एमएलए से पूछकर रिपोर्ट बनाते हैं। उसके बाद अंतिम निर्णय हाईकमान करता है। पहले बावरियाजी ने यह कहा था कि सांसद चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि एमएलए को ही मुख्यमंत्री बनाया जाए, मुख्यमंत्री कोई भी बन सकता है।

**▶ यहां तो फिर चौधरी वीरेंद्र सिंह बिल्कुल फिट बैठते हैं।**

मुख्यमंत्री बनने का क्राइटेरिया कई बार बना भी है और बहुत नजदीकी भी आई है। यदि राजीवजी जिंदा रहते तो 1991 में 44 साल का लड़का मुख्यमंत्री बन गया होता। अब 78 की उम्र में क्या मुख्यमंत्री बनेंगे।

**▶ बृजेंद्र सिंह ने 5 साल सांसद के तौर पर बिता लिए। आपकी इच्छा के अनुसार पार्टी ने उन्हें उचाना से प्रत्याशी भी बनाया है। आपने अपने बेटे को नौकरी से इस्तीफा दिलवाकर उसका राजनीति में प्रवेश कराया, क्या उनका मिजाज राजनीति के अनुरूप लग रहा है या फिर पिता की इच्छा की खातिर एक प्रतिभाशाली बेटा जूझ रहा है।**

मेरे प्रतिभाशाली बेटे की खुद की इच्छा थी कि वह राजनीति में आए। उसके दोस्त उसके कहने पर मुझसे पूछा करते थे कि अंकल बृजेंद्र को कब राजनीति में लेकर आओगे। वह बहुत टैलेंटेड है और मैं चाहता हूं कि उसकी तरह और युवाओं को भी राजनीति में आना चाहिए।

## कांग्रेस प्रत्याशी के काफिले पर गोलीबारी, दो समर्थक घायल



चंडीगढ़। हरियाणा के पंजकुला जिले के कालका से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर कई राउंड की गोलीबारी की घटना सामने आई है। कांग्रेस प्रत्याशी पर ये गोलीबारी रायपुर रानी के पास हुई है। प्रदीप चौधरी के काफिले में दो लोगों को गोली लगी है। एक युवक की उंगली पर गोली लगी है। दूसरे युवक की छाती पर गोली लगी है। हमले के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी के काफिले पर कई फायर किए गए हैं, जिस युवक की छाती में गोली लगी है। कांग्रेस प्रत्याशी का काफिला रामपुर ढडू की तरफ जा रहा था। तभी कुछ लोगों ने उनके काफिले पर फायरिंग कर दी।

# 'हरियाणा में हम होंगे किंगमेकर'

## अपने गृहराज्य के चुनावी दंगल में उतरे केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार में हिस्सा लिया। जगाधरी में रोड शो के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी रगों में हरियाणा का खून बह रहा है। भाजपा पर सीधा हमला करते हुए केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने मुझे 5 महीने तक जेल में डालकर रखा और रह-तरह की यातनाएं दीं। इसके बाद भी मैं नहीं टूटा। इन्हें पता नहीं था कि एक हरियाणवी को तोड़ा नहीं जा सकता। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में हमारी पार्टी किंगमेकर होगी।



### हरियाणा में भी करेंगे दिल्ली जैसा काम, वोट देकर देखिए

इस बार आम आदमी पार्टी को वोट देकर देखिए। कभी जगाधरी पीतल के काम का गढ़ होता था, लेकिन भाजपा ने इस राज्य को सिर्फ करप्शन दिया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने जिस तरह से दिल्ली में काम किया है, उसी तरह हरियाणा में भी करेंगे।

## 'कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा दम तोड़ चुकी तुष्टिकरण के लिए कुछ भी करने को तैयार'



वर्धा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के वर्धा में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के अंदर देशभक्ति की आत्मा अब दम तोड़ चुकी है। अब वे विदेश से बैठकर एजेंडे चलाते हैं। इन्हें तो अब गणपति बप्पा से भी मानो चिढ़ होने लगी है। मैंने गणेश पूजा क्या की, तो कांग्रेस बेचैन ही हो गई। पीएम मोदी वर्धा में पीएम विश्वकर्मा योजना के एक साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। यहां पीएम मोदी ने कहा कि पुरानी सरकारों में कामगारों के हुनर को सम्मान नहीं मिलता था। कांग्रेस और उनके दोस्तों ने एससी/एसटी को दबाकर रखा। उन्हें आगे ही नहीं बढ़ने दिया। लेकिन हमारी सरकार ने स्किल मंत्रालय बनाया। पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। एक साल में इस योजना के तहत 8 लाख लोगों को स्किल ट्रेनिंग भी दी गई है।

## 25-30 साल में झारखंड में घुसपैठिये बहुमत में आ जाएंगे : शाह

हरिभूमि न्यूज .गिरिडीह। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर 'घुसपैठ' को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर 'घुसपैठियों'को रोका नहीं गया तो वे अगले 25-30 साल में राज्य में बहुसंख्यक हो जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठिये "आदिवासी संस्कृति और पहचान को नष्ट कर रहे हैं" और वादा किया वह राज्य से उन्हें बाहर निकालेंगे। शाह ने दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के बाद दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- शंकर फर्नीचर पंडरी रायपुर में काम करने वाले लड़कों की एवं सेल्समैन चाहिए। पता- शंकर फर्नीचर नियर नकोड़ा ज्वैलर्स पंडरी रायपुर मोबाइल- 9301645760, 9827136116. मिलने का समय सुबह 11:00 से 7:00 तक (RO-6493)

**सेल्सऑफिसर/मैनेजर**

आवश्यकता है- वी वी इंफ्राकॉन जिंदल पैंथर टीएमटी सरिया/ पाइप्स के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को एरिया सेल्स ऑफिसर/ बिजनेस मैनेजर चाहिए। स्थान- जगदलपुर, कांकेर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, कोरबा, अंबिकापुर, रायगढ़। सभी दस्तावेजो सहित साक्षात्कार 23 सितंबर 2024 को क्लार्क इन सूट रायपुर में दोपहर 12 बजे पहुचे। अपना सीवी sales@vvinfracon.com प्रति भेजे। (RO-619)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- मध्य भारत इस्पात प्रा. लिमि. JSW ONE TMT सरिया के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर को एरिया सेल्स ऑफिसर एव बिजनेस मैनेजर चाहिए। स्थान जगदलपुर, कांकेर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा। सभी दस्तावेजो सहित साक्षात्कार 24 सितंबर 2024 को 509, Orange Hives, मोवा रायपुर, दोपहर 12 बजे पहुचे। अपना सीवी mbispat2020@gmail.com प्रति भेजे (RO-620)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए एंव बुजुर्ग महिला की सेवा के लिए एक महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा फ्री जल्दी संपर्क करें - रायपुर (फोन करें केवल शाम 8 से 10 तक ) मों. - 9425518442.(RO-6492)

आवश्यकता है- रायपुर, शंकर नगर, वीआईपी कॉलोनी में घरेलू काम के लिए पति पत्नी (फैमिली) की आवश्कता है, रहने के लिए कमरा उपलब्ध है, संपर्क करें - 9425205358.(RO-17)

बड़ा लाभ

**वेटर**

आवश्यकता है- बार में कार्य करने हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपर्क करें। होटल विनार बार गली नं. -1 जयस्तभ चौक रायुपर मों.- 9713577672.(RO-6490)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ I दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341.(RO-2984)

**फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश. एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर 7773009704.(RO-6488)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**शिक्षु/EDO**

सत्या माइक्रोकैपिटल लिमिटेट
हम भर्ती कर रहे हैं
अप्रेंटिस (शिक्षु)
वेतन - 12500
आयु - 19-30 साल
अनुभव - 0-1 साल
EDO
वेतन - 20000CTC
आयु - 20-32 साल
अनुभव - 1-3 साल
योग्यता
पुरुष - 12वीं या स्नातक
महिला - 10वीं या उससे ऊपर
दिनांक : 21 और 22 सितम्बर 2024
समय : सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
नोट : महिला अभ्यार्थी (Candidate) को स्थानीय पोस्टिंग मिलेगी।
- ग्राउंड फ्लोर, कैपिटल प्लाजा, शॉप नं.40, लालपुर, रायपुर, छ.ग. 492001
- विद्युत नगर, डीपीएस स्कूल के पास, शर्मा ट्रेडर्स के पीछे, तिफरा, बिलासपुर, छ.ग. 495001
- दुर्ग बेमेतरा रोड, धमधा, छ.ग. 491331
- पार्वती मथुरा निवास, कत्था फैक्ट्री के सामने, गोधनपुर, अंबिकापुर, छ.ग. 497001
- मधुबन पारा, सर्किट हाउस, केंद्रीय विद्यालय के पास, चांदमारी, रायगढ़, छ.ग. 496001
- वार्ड नं. 2, ग्राम जेंजरा, हरीश कृष्ण अस्पताल के पास, कटघोरा, छ.ग. 495445
- धमतरी होटल इंपीरियल, गुरूनानक कॉम्प्लेक्स सिहावा चौक, धमतरी, छ.ग. 493773

Contact No.
7303749301, 9205599212
9310080243, 8929412904
7303946949

**मास्टर टेलर**

आवश्यकता है- कृतिका मोदी डिजाइन स्टूडियो बिलासपुर में एक कटिंग सिलाई मास्टर टेलर की आवश्यकता है रहने हेतु कमरा, बर्तन, गैस चूल्हा, बेड की सुविधा सम्पर्क करें- विद्या नगर बिलासपुर 8602048444, 7042954524.(RO-35434)

**टीचर**

आवश्यकता है- इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल की कक्षाओं हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है। योग्यता:-12वीं कक्षा , साथ ही आया बाई की भी आवश्यकता है। पता:- ओशो पब्लिक स्कूल सरकारी अस्पताल के पास रास्ता सुपेला, भिलाई मो.-99077-58167.(आरो न.-590)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए पूर्ण कालिक 35 वर्ष तक की जिम्मेदारी मुक्त सेवाभावी सेविका चाहिए वेतन आपसी सहमति से/ रहना खाना फ्री उच्च जाति को प्राथमिकता अनुबंध आवश्यक होगा। मोबाइल 9425518442. केवल 8 से 10 शाम (RO-6479)

**घरेलु कार्य/कुक**

आवश्यकता है- कार्य तेलीबांधा के आगे, वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में घर का झाड़ू पोछा, कपड़ा बर्तन, साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु पुरूष/ महिलाये चाहिए। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले व शाकाहारी ही संपर्क करें 9300593000.(RO-1227)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230. (Ro- 6494)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर, मो.- 94255- 16644.(RO-645)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपड़े व्यवसाय में केवल पुरूष अनुभवी सेल्समेन एंव साड़ी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658. (RO-1644)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**कंस्ट्रक्शन कार्य**

आवश्यकता है - CISCONS कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के लिए आवश्यक स्टाफ। लिमिटेड, एनटीपीसी लारा पावर प्लांट में। मानव संसाधन अधिकारीः 5 वर्ष का अनुभव. किसी भी एनटीपीसी संयंत्र निर्माण में। सुरक्षा अधिकारीः 5 वर्ष का अनुभव. औद्योगिक सुरक्षा प्रमाणपत्र के साथ. सुरक्षा पर्यवेक्षकः 5 वर्ष का अनुभव। औद्योगिक परियोजनाओं में. कोई भी डिप्लोमा. अकाउंट्स एवं स्टोर प्रभारीः 10 वर्ष के अनुभव के साथ बीए/बी.कॉम. इलेक्ट्रीशियनः किसी भी सरकार से वायरमैन परमिट के साथ आईटीआई/डीईई। विभाग। सिविल इंजीनियरः डीसीई 5 वर्ष के अनुभव के साथ। औद्योगिक परियोजनाओं में. सिविल पर्यवेक्षकः 5 वर्ष के अनुभव के साथ आईटीआई। औद्योगिक परियोजनाओं में. कंक्रीट बैचिंग प्लांट ऑपरेटरः 5 वर्ष का अनुभव। तुरंत शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा अंग्रेजी में व्हाट्सएप द्वारा 9502393999 पर भेज सकते हैं। (RO-6489)

**पैकिग/बिलिंग कार्य**

आवश्यकता है- 375/- प्रतिदिन (+) ओवरटाइम 375 फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, ड्राइवर। लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क- तापड़िया फटाका, नेमीचंद गली, तेलघानीनाका चौक, रायपुर (RO-618)

**सेल्स/ड्रायवर**

आवश्यकता है- The Craft Story में (1) सेल्स स्टाफ -2 (पुरुष/ महिला), (2) समान पैकिंग स्टाफ - 5 (पुरुष/महिला), (3) कार ड्राइवर -1 संपर्क करें: सेकेण्ड फ्लोर, पुमा/ रेमण्ड स्टोर के ऊपर, तेलीबांधा चौक, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर मोबाइल- 7748853047, 9343643284.(RO-647)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ऑफिस कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर तेलीबांधा ऐश्वर्या रेसिडेंसी के बगल में स्थित गोयल काम्पलेक्स में प्रॉपर्टी डीलिंग के ऑफिस में काम करने के लिए मेहनती ईमानदार युवक/ युवती और अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता हैं वेतन योग्यतानुसार संपर्क 9109544383.(RO-A)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में आफिस कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार कॉल / मेसेज 7999847673 समय - 12 से 5 तक (आरो न.-589)

**प्रिंटिंग/बाइंडिंग कार्य**

आवश्यकता है- कुम्हारी स्थित प्रिंटिंग प्रेस में प्रिंटिंग व बाइंडिंग का कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें: 11.00 से 1.00 बजे। युगबोध डिजिटल प्रिंट्स, टोल टेक्स नाका के पास, कुम्हारी, जिला- दुर्ग मोबाइल- 98264-25718 फोन- 0771-4200932. (RO-653)

**फिटिंग/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- CCTV CAMERA इंस्टॉलेशन एवं फिटिंग और टैली ऑपरेटर हेतु युवक की वेतन 8000-15000.( ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता और रहनें की सुविधा) संपर्क करे - SAHU CCTV CAMERA मो- 9302933334, 9826733334.( Experience & Fresher can be apply) (RO-3740)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

**Education**
**शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्कः- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंन्ट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

**Business**
**व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्कः- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-2998)

**Property**
**प्रापर्टी**

**प्लाट**

प्लॉट बेचना है - कुरूद भिलाई में हाउसिंग बोर्ड ढांचा भवन EWS- 593 आकर्षक लोकेशन में 387.35 sf प्लाट बेचना हैं संपर्क करें:- 9752458982, 9326298682. (RO-3002)

प्लॉट बेचना है - शंकर नगर दुर्ग में दुर्गा चौक के पास 40×40= 1600 sq.feet का प्लाट बेचना है। कृप्या खरिददार ही संपर्क करें:- मो नं. 8319323527, 8319098707. (आरो न.-588)

छोटा विज्ञापन

प्लॉट बेचना है - 5 एकड़ प्लाट बेचना है- नेशनल हाईवे से इंट्री, स्थान घोर तालाब, (सड़क चिरचारी), फ्रंट में 5 एकड़ का प्लाट बेचना है। इक्छुक पार्टी संपर्क करे- 92292-00009, 90090-70000.(RO-646)

**दुकान/मकान**

बेचना है- ग्राम अंडा हाईवे से 20मीटर अंदर 2200 वर्गफीट में 800 वर्गफीट पर बना नवनिर्मित दुकान/मकान । संपर्क करें:-99071-14630. (आरो न.-587)

**Home Buildup**
**भवन निर्माण**

भवन निमार्ण- विभा कंस्ट्रक्शन कुशल इंजीनियर एवं वास्तु अनुरूप गृह निर्माण किया जाता हैं। 799 रूपये प्रति वर्गफीट से, सम्पर्क करें- 9407764797, 9301433491.(RO-6953)

**For Rent**
**किराया**

किराये से चाहिए- स्वतंत्र बांग्ला /हाउस Fully Furnished रेंट पर चाहिए जो प्रियदर्शनी परिसर, नेहरूनगर या स्मृति नगर के आस पास हो ,इच्छुक व्यक्ति इस नंबर पर संपर्क करें मोबाइल No.-98267-08233. (आरो.-SP/893)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग, नामर्दी
- लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन
- पेशाब से धातू जाना।
- लिंग में ढीलापन,
- शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।

निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
9753901137
पारख कॉम्प्लेक्स, शॉप नं.-16, ग्रीन चौक दुर्ग

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जुल 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG +MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

Colour 20% Extra Charge For Disply

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com






# ‘रेस 4’ में साथ काम करेंगे सैफ और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** रेस 4 के लेखक शिराज अहमद ने हाल ही में पुष्टि की कि सैफ अली खान और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक्शन थ्रिलर में एक साथ नजर आएंगे और फिल्म के बारे में अन्य जानकारी भी साझा की है। लोकप्रिय ‘रेस’ फ्रेंचाइजी की आगामी चौथी किस्त का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म के लेखक शिराज अहमद ने रेस 4 के बारे में कुछ दिलचस्प बातें बताईं। उन्होंने बताया कि फिल्म में पहली दो फिल्मों की कहानी को जारी रखा जाएगा और इसकी शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा किया जाएगा। शिराज अहमद ने ही पहली तीन ‘रेस’ फिल्में भी लिखी थीं। अब उन्होंने पुष्टि की कि रेस 4 की पटकथा लगभग पूरी हो चुकी है और अधिकांश कलाकारों का चयन भी हो चुका है।

लाइफ Style

# अनन्या

## सारा-जान्हवी से है गहरी दोस्ती

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कभी अपनी फिल्म-वेब सीरीज को लेकर तो कभी अपने ब्रेकअप्स और अफेयर की अफवाहों को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपनी दोस्त सारा अली खान और जान्हवी कपूर के बारे में खुलकर बात की और बताया कि किस तरह से वे एक-दूसरे का साथ देती हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनन्या पांडे बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी हैं। 2019 में अनन्या ने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 और कॉमेडी पति पत्नी और वो में प्रमुख भूमिकाओं के साथ अभिनय किया और सभी का दिल जीता। अनन्या अक्सर अपने ब्रेकप्स और नए अफेयर की अफवाहों से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। कॉल मी बे से ओटीटी पर अपनी पहली वेब सीरीज से अनन्या पांडे ने खूब सुर्खियां बटोरी। इसी सीरीज के एक इंटरव्यू के दौरान अनन्या ने अपनी बॉलीवुड सहेलियों के बारे में खास बातें कीं और उनके साथ उनके साथ अपनी गहरी दोस्ती के बारे में भी कई बातों का खुलासा किया। अनन्या ने कहा, ‘कई पार ऐसी परिस्थिति आ जाती है कि महिलाओं को एक-दूसरे के खिलाफ, अभिनेत्रियों को अभिनेत्रियों के खिलाफ खड़ा करते रहते हैं, लेकिन सारा अली खान, जान्हवी कपूर, हम लगातार एक-दूसरे के लिए मौजूद रहने और एक-दूसरे का सार्वजनिक रूप से समर्थन करने की कोशिश करते हैं, ताकि हम लोगों को दिखा सकें कि महिलाओं की दोस्ती ऐसी ही होनी चाहिए, किसी और तरह पर विश्वास न करें।’ अनन्या पांडे को आखिरी बार वेब सीरीज कॉल मी बे में देखा गया था। कॉल मी बे एक भारतीय हिंदी भाषा की कॉमेडी ड्रामा टेलीविज़न सीरीज़ है, जिसे इशिता मोइत्रा, समीना मोटलेकर और रोहित नायर ने लिखा है, जिसे कॉलिन डी’कुन्हा ने निर्देशित किया है।



# पंजाब के खेतों में डीडीएलजे मूमेंट मिस नहीं कर सकते



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह एक बार फिर चर्चा में हैं। अभिनेत्री की अजय देवगन के साथ फिल्म ‘दे दे प्यार दे 2’ का इंतजार प्रशंसक कर रहे हैं। इस फिल्म के एक हिस्से की शूटिंग मुंबई में पूरी हो चुकी है। इसके अगले हिस्से की शूटिंग पंजाब में हो रही है। इस दौरान अपने कुछ मस्ती भरे पलों की फोटो रकुल प्रीत सिंह ने शेयर की है। इस फोटो में रकुल प्रीत सिंह ने अपना डीडीएलजे मूमेंट शेयर किया है। इस पोस्ट पर उन्होंने लिखा,’ मैं अपने डीडीएलजे मूमेंट को पंजाब के खेतों में जीने से नहीं चूकी’। इस पोस्ट पर प्रशंसकों की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। एक प्रशंसक ने लिखा, ‘आपके पोस्ट ने मेरा दिन बना दिया’। एक अन्य यूजर ने लिखा, ‘वाह, आपकी फोटो बहुत ही सुंदर है’। एक अन्य ने लिखा, ‘बहुत सुंदर और बेहद क्यूट’। वहीं, एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी की, ‘सुंदर दृश्य।’

# ‘द नाइट मैनेजर’ के एमी नॉमिनेशन से हैं खुश



**मुंबई।** अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर की ड्रामा सीरीज ‘द नाइट मैनेजर’ के एमी अवॉर्ड में नामांकित होने पर प्रतिक्रिया दी है। अर्जुन कपूर ने इस नॉमिनेशन को बिल्कुल सही और योग्य बताया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अर्जुन कपूर ने अपने चाचा अनिल कपूर को बधाई भी दी है। इस पोस्ट को आदित्य रॉय कपूर ने रिशेयर किया है। साथ ही उन्होंने भी इस पर खास तरीके से कमेंट किया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर स्टोरी पोस्ट की है। इसमें उन्होंने ड्रामा सीरीज ‘द नाइट मैनेजर’ की स्टार कास्ट यानी अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर और शोभिता धुलिपाला के साथ और सीरीज क्रिएटर संदीप मोदी सहित टीम को टैग कर तालियां बजाती हुई इमोजी भी लगाई है। साथ ही अर्जुन ने इस सीरीज को नॉमिनेशन के लिए योग्य बताया है।



## जैकेट के शेष

### लोहारीडीह कांड पर बड़ा .....

निलंबित भी कर दिया गया है। गौरतलब है, इस मामले के साथ कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने आज छत्तीसगढ़ बंद बुलाया है।
लोहारीडीह गांव में आगजनी, हत्याकाण्ड तथा इस मामले में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी युवक की न्यायालीन अभिरक्षा में मौत के परिपेक्ष्य में शुक्रवार को दुर्ग रेंज के आईजी दीपक झा ने कवर्धा में प्रेसवार्ता में कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि रविवार को लोहाराडीह में रघुनाथ नाम के ग्रामीण हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स को ग्रामीण गांव के अंदर नहीं जाने दे रहे थे, जिसके कारण अतिरिक्त बल बुलाया गया था। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी प्रशांत साहू की ज्यूडिशियल में मौत हुई है। प्रशांत साहू की मौत के संबंध में अभी तक आए ग्रामीणों के बयान, वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना रेंगाखार के 23 स्टाफ को लाइन अटैच किया गया है। वहीं एसआई कुमार मंगलम तथा महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को निलंबित किया गया है। थाना में नया स्टाफ पदस्थ किया गया है। आईजी श्री झा ने बताया कि लोहारीडीह आगजनी व हत्याकाण्ड मामले में 5 अपराध दर्ज है किए गए हैं। जिसमें 69 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। सभी का मेडिकल चेकअप किया गया था। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रेंगाखार जंगल क्षेत्र नक्सल ऑपरेशन के एसडीओपी संजय ध्रुव को हटाया गया है। उनके स्थान पर कृष्ण कुमार चन्द्राकर को उप पुलिस अधीक्षक को क्षेत्र का नक्सल ऑपरेशन के एसडीओ नियुक्त किया गया है।
एसपी ने नियम को ताक में रखकर वीडियो जारी किया : आईजी दीपक ने बताया कि मृतक प्रशांत साहू की पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने यह भी जानकारी दी है कि इस घटना के बाद पुलिस विभाग से सभी के लिए पुलिस निर्देश जारी किए गए है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा जो वीडियो नियम विरुद्ध जारी हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि साक्ष्यों के आधार पर दोषी लोगों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### महोबे को नान का ....

अभिषेक पल्लव को मुख्यालय में अटैच किया गया है। उनकी जगह बलरामपुर एसपी राजेश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई है।

### मां ने कहा, पुलिस .....

जहां कई पुलिस वालों ने उनके साथ बड़ी बेरहमी से मारपीट की है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस वालों ने पीटपीटकर उसके जवान बेटे की जान ले ली। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि कई अन्य ग्रामीणों के साथ भी इसी तरह की मारपीट की गई है, जो गंभीर रूप से घायल हैं और दुर्ग जेल में बंद है।

### इधर, कांग्रेस का ....

ने कहा, कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ बंद मजबूरी में कर रही है। विरोध के सारे लोकतांत्रित कदम उठाने के बाद भी जब सरकार नहीं जागी तो कांग्रेस ने बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस पार्टी आम जनता, व्यापारी, उद्योगपति से अपील करती है एक दिन अपना काम काज बंद कर बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध का साथ दें। बंद को लेकर श्री बैज ने वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। सभी शांतिपूर्ण ढंग से अपने-अपने क्षेत्रों में बंद कराने निकलेंगे। सभी वरिष्ठ नेता अपने गृह जिला क्षेत्रों में बंद की अपील व्यापारिक संगठनों तथा आम जनता से करेंगे। कांग्रेस पार्टी ने सभी व्यवसायी संगठनों से पत्र लिखकर बंद का समर्थन करने का आग्रह किया है।

### चैंबर का इंकार....

प्राप्त हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कराए जा रहे बंद को समर्थन देने का आग्रह किया गया है। बंद का समर्थन करना केवल कार्यकारिणी का क्षेत्राधिकार है। इतने अल्प समय में प्राप्त सूचना में कार्यकारिणी की बैठक बुलाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त चूंकि चैंबर से प्रदेश के छोटे-छोटे व्यापारी, रेहड़ी पटरी, एवं व्यापारिक संगठन जुड़े हुए हैं जो फल-सब्जी, दूध एवं अन्य कच्चे सामान का व्यवसाय करते हैं। बिना पूर्व सूचना के आकस्मिक बंद से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इतने अल्प समय में बिना पूर्व सूचना अथवा व्यापारिक संघों की बैठक लिए बगैर छत्तीसगढ़ बंद का समर्थन करने में चैंबर असमर्थ हैं।

### हरिभूमि की खबर ....

की अटकलों के बीच सबसे पहले हरिभूमि ने प्रमुखता से यह खबर प्रकाशित की थी अभी केवल प्राधिकरणों में नियुक्तियां होने जा रहीं है।

### बदल जाएगा प्राधिकरणों .....

सांसद एवं प्राधिकरण क्षेत्रों के जिला पंचायत अध्यक्षों को अब इसका सदस्य बनाया गया है। इसके साथ ही सरकार ने शहरी विकास नीति का भी अनुमोदन किया है।
**अब शहरी विकास नीति :** राज्य के शहरों के सुव्यवस्थित विकास और राज्य की विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मंत्रिपरिषद द्वारा एक बड़ा निर्णय लिया गया। जिसके तहत भूखण्डों का पुनर्गठन और प्रदेश में स्वीकृत विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु शहरी विकास नीति (टीडीएस) का अनुमोदन किया गया। इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करने हेतु आवास एवं पर्यावरण विभाग को अधिकृत किया गया है। इससे प्रदेश में विकास योजनाओं में प्रस्तावित जनोपयोगी भूमि के समुचित रूप से विकास करने, अतिक्रमण तथा अवैध निर्माणों को हतोत्साहित करने एवं शहरी आबादी को आधुनिक नागरिक सुविधाओं के अभाव और असुविधाओं के निराकरण में मदद मिलेगी। इसके साथ ही शहरी नगर विकास योजना आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक अथवा अन्य प्रयोजन हेतु क्रियान्वित की जा सकेगी।
**राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण :** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में प्रस्तावित संशोधन को मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दी, जिसके तहत मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक उपाध्यक्ष होंगे। इस प्राधिकरण में सदस्य के रूप में शामिल पूर्व में मात्र तीन विभागों के मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जिला पंचायत अध्यक्ष प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव,सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को प्राधिकरण के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुसार पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल 35 विधायकगणों को और अन्य सदस्यों को यथावत रखा गया है।
**सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण :** सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे। पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं वित्त मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्री प्राधिकरण के सदस्य होंगे। प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष भी अब प्राधिकरण के सदस्य होंगे। आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, सचिव प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे। प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुसार इसमें सदस्य के रूप में शामिल 14 विधायकों को यथावत शामिल किया गया है।
**अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण :** अजा विकास प्राधिकरण में मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा विधायक (अ.जा. आरक्षित) प्राधिकरण के उपाध्यक्ष होंगे। राज्य मंत्रिमण्डल के दो मंत्रियों के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण के जिला पंचायत अध्यक्ष (अ.जा.), अनुसूचित जाति विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, सचिव इस प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे। अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुरूप सदस्य के रूप में शामिल किए गए 10 विधायकों को यथावत रखा गया है।
**मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण :** मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे। प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में किए गए संशोधन के अनुसार अब दो मंत्रियों के स्थान पर राज्य मंत्रिमण्डल के समस्त मंत्रीगणों तथा प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस प्राधिकरण में आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को सदस्य के रूप में तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। इस प्राधिकरण में पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल 12 विधायकों को यथावत रखा गया है।
**बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण :** मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष और प्राधिकरण क्षेत्र के निर्वाचित विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) इसके उपाध्यक्ष होंगे। पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल मात्र दो मंत्रियों के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों, प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद तथा प्राधिकरण क्षेत्र के जनजातीय बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग इस प्राधिकरण के सदस्य तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, सचिव इसके सदस्य सचिव होंगे। प्राधिकरण में सदस्य के रूप में पूर्व में शामिल 12 विधायकों को यथावत सदस्य रखा गया है।
**सीएम ने दिया साढ़े चार करोड़ का स्वेच्छानुदान :** मुख्यमंत्री श्री साय के स्वेच्छानुदान मद से 262 व्यक्ति एवं संस्थाओं को 4 करोड़ 56 लाख 72 हजार रुपये स्वीकृत राशि का अनुमोदन किया गया।

### प्राधिकरणों के ....

गठित पांचों विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन आदेश में आंशिक रूप से संशोधन की मंजूरी दी है। इस संशोधन से पांचों प्राधिकरणों में जनप्रतिनिधित्व का दायरा काफी विस्तृत किया गया है। पांचों प्राधिकरणों में अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद एवं प्राधिकरण क्षेत्रों के जिला पंचायत अध्यक्षों को अब इसका सदस्य बनाया गया है। पांचों प्राधिकरणों में प्रमुख सचिव,सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। शेष सभी सदस्य यथावत रहेंगे।

## संचालनालय
## आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
**पुरखौती मुक्तांगन के समीप, सेक्टर-24, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**
**Phone: 0771-2960530, Fax: 0771-2960531**
**E-mail: trti.cg@nic.in, Website: www.cgtrti.gov.in**

क्र./ टी.आर.आई./ पुस्त. / बुलेटिन /47/2024 /1678

नवा रायपुर, दिनांकः 19/9/2024

**// अर्द्धवार्षिक बुलेटिन (पत्रिका) आदि - गोठ में आलेख - शोधपत्र आमंत्रण की सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संचालक, आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा अर्द्धवार्षिक बुलेटिन (पत्रिका) आदि - गोठ के तृतीय अंक में प्रकाशन हेतु जनजातीय जीवन शैली पर आधारित शोध, आलेख एवं रचनाएं आमंत्रित हैं।

कृपया अपना मौलिक शोध, आलेख, रचनाएं आदि **MS Word, Kruti Dev 010 / Times New Roman** में टंकण किया हुआ **Soft copy** संस्थान के ई-मेल **trti.cgbulletin@gmail.com** में भेज सकते हैं। अथवा **"बुलेटिन प्रकोष्ठ"** आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-24 नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ के पते पर हार्ड कॉपी एवं Soft copy की सी. डी. सहित विज्ञप्ति जारी होने के 15 दिवस की समयावधि में भेज सकते हैं।

**संचालक**
**आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान**
**नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)**

G- 242502671/2

## छत्तीसगढ़ शासन
## सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय
## महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर - 492002

**-:: विज्ञापन ::-**

**// पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान-2024 //**

राज्य शासन ने सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में किये गये अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से राज्य स्तरीय **"पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान"** की स्थापना की है। वर्ष 2024 के लिए उक्त पुरस्कार प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के एक व्यक्ति/ एक संस्था के चयन हेतु सर्वसंबंधितों से **दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 सायं 5.30 बजे तक** प्रविष्टियाँ आमंत्रित की जाती है। उक्त पुरस्कार की राशि रूपये 2.00 लाख (रूपये दो लाख) चयनित व्यक्ति/ संस्था को नगद, सम्मान प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका एवं प्रमाण पत्र भी प्रशस्ति के रूप में दी जायेगी।

2/- उक्त पुरस्कार राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल (जूरी) द्वारा चयन होने पर ही दिया जाएगा। पुरस्कार हेतु प्रविष्टि निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति कर प्रस्तुत की जाए :-

क. व्यक्ति/ संस्था का पूर्ण परिचय।
ख. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिए किए गए कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी।
ग. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
घ. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित फोटो प्रति।
च. सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र/ पत्रिकाओं / ग्रंथ के माध्यम से उपलब्ध साहित्य।
छ. चयन होने की दशा में सम्मान ग्रहण करने के बारे में व्यक्ति की लिखित सहमति।
ज. यदि आवेदक राज्य अथवा केन्द्र शासन के किसी विभाग, निगम/ मंडल में सेवारत हो तो उसका स्पष्ट उल्लेख प्रविष्टि में किया जाए।

आवेदक जिस जिले का निवासी हो उस जिले के कलेक्टर को अपनी प्रविष्टि निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रस्तुत कर सकेगा। सीधे इस विभाग को प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**(अंशिका ऋषि पाण्डेय)**
**अवर सचिव**
**छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग**

G-242502678-2

## पेज एक के शेष

### 60 टन रद्दी में...

दिया गया है। उन पर उदासीनता एवं शासकीय कार्य में लापरवाही का आरोप लगा है। गौरतलब है कि इस मामले का खुलासा उस समय हुआ था, जब सिलयारी की एक फैक्ट्री में पापुनि की किताबों को गलाकर पेपर बनाने की तैयारी की जा रही थी। इसकी जानकारी पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय को मिलने के बाद उन्होंने फैक्ट्री में जाकर जांच की थी। इसके बाद वे वहीं धरने पर बैठ गए थे। इस मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था। इसके पश्चात शासन ने पूरे मामले पर जांच बैठाई थी।
**कक्षावार और विषयवार छांटी जाएंगी किताबें :** फैक्ट्री में जो किताबें कबाड़ के रूप में पाई गई हैं, वह लगभग 40 टन है। फैक्ट्री में कुल कबाड़ 60 टन के लगभग है। इनमें से किताबें 40 टन हैं। इन किताबों को छांटने के बाद इन्हें कक्षावार और विषयवार बांटा जाएगा। संख्या सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इन किताबों की छंटाई करते जांच दल हांफ गया है। किताबों की संख्या इतनी अधिक है कि ये कहां से आई हैं, यह ट्रेस नहीं किया जा सका है। इसलिए अब पुलिस में शिकायत करने की तैयारी चल रही है। एक-दो दिनों में इस मामले में एफआईआर दर्ज की जा सकती है।
**रायगढ़, धमतरी, जशपुर और सरगुजा में बेचा गया :** शुरुआती जांच में यह बात सामने आ रही है कि पापुनि ने निर्धारित संख्या से करीब 40 टन किताबें अधिक छपवाईं थी। इन किताबों को रायगढ़, धमतरी, जशपुर और सरगुजा जिलों में रद्दी के रूप में बेचा गया था। यहां से ही इन किताबों के फैक्ट्री पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। फैक्ट्री संचालकों सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों से भी पुलिस जांच में ही तथ्य सामने आने की बात कही जा रही है। जांच के लिए तीन बिंदु निर्धारित किए गए हैं। इसमें प्रिंटर के यहां से किताबों के गायब होने, पापुनि के माध्यम से किताबों के कबाड़ में पहुंचने अथवा वितरण केंद्रों में धांधली शामिल है।

### इधर... निजी स्कूलों में...

अलावा स्कूलों से कहा गया है कि उन्हें शासन द्वारा प्राप्त पाठ्य पुस्तक निगम की निशुल्क किताबों का लिखित सत्यापन संबंधित कार्यालयों में जमा करें। अपने रजिस्टर में आवक-जावक पूर्ण करने भी कहा गया है। जिन संस्थाओं ने निशुल्क पाठ्यपुस्तक नहीं लिए हैं, उन्हें भी लिखित में इसकी जानकारी देने कहा गया है।

### भ्रष्टाचार पर जीरो...

घोटाले में जांच टीम गठित किए जाने के अतिरिक्त अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले को इस घटना की जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच के उपरांत पापुनि के महाप्रबंधक प्रेम प्रकाश शर्मा की प्रथम दृष्टया लापरवाही परिलक्षित होने उन्हें निलंबित कर दिया गया है। वे अब जांच टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे। इस बीच नए सिरे से जांच टीम गठित किए जाने की बात भी सामने आ रही है।

### डीईओ कार्यालय के प्रभारी...

रद्दी में बेच दी। जांच में इस बड़ी गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद सूरजपुर के डीईओ ने कार्यालय के प्रभारी लिपिक सहित दो भृत्यों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिले के शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत हर बच्चे को पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा पुस्तकें उपलब्ध कराने का दावा करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी और कर्मचारियों ने हजारों पुस्तकें रद्दी में बेच दी। सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी ललित पटेल ने अपनी जांच रिपोर्ट में इस बड़ी गड़बड़ी का खुलासा किया है। उन्होंने लाखों रूपए की पुस्तकें रद्दी में बेचने के मामले में एक लिपिक एवं दो भृत्यों को निलंबित कर दिया है। शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने के पूर्व ही पाठ्यपुस्तक निगम जिला शिक्षा अधिकारियों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध करा देता है। शासकीय स्कूलों के शिक्षक स्वयं कार्यालय से निःशुल्क पुस्तकें स्कूल तक ले जाते हैं तथा बच्चों को उलब्ध कराते हैं लेकिन अशासकीय स्कूलों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने में न तो विभाग रूचि लेता है न ही स्कूल प्रबंधन। ऐसे में अशासकीय स्कूलों के बच्चों की पुस्तकें अभी भी गोदाम की शोभा बढ़ा रही हैं। इधर मौका देखकर थोक के भाव में पड़ी हजारों पुस्तकों को कार्यालय के प्रभारी लिपिक एवं भृत्यों ने 40 हजार में रद्दी में बेच दी। बड़ी गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। मामले में डीईओ ने प्रभारी लिपिक अमरबेल एक्का, भृत्य जितेन्द्र साहू व अजित गुप्ता को निलंबित कर दिया है।
03. अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या :- निरंक
04. प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या :- निरंक
05. प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या :- निरंक
06 क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है :- हां
07. क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है :- हां
08. परियोजना की कुल लागत :- निरंक
09. परियोजना से होने वाला लाभ :- औद्योगिक क्षेत्र
10. प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय :- रु. 5.00 लाख
11. परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक :- निरंक

उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी सुझाव देना हो तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

(डॉ. गौरव कुमार सिंह)
कलेक्टर रायपुर एवं पदेन उप सचिव,
छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

S-41515/1

## सरकार ने खाद्य तेल कंपनियों से बढ़ती कीमतों पर स्पष्टीकरण मांगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सरकार ने शुक्रवार को खाद्य तेल कंपनियों से खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के लिए स्पष्टीकरण मांगा। इन तेल कंपनियों को कम आयात शुल्क पर आयातित खाद्यतेलों की पर्याप्त स्टॉक की उपलब्धता के बीच मूल्य स्थिरता सुनिश्चित करने की सलाह दी गयी थी। इसके बावजूद कीमतों में वृद्धि का रुख है। केंद्र ने 14 सितंबर को, घरेलू तिलहन कीमतों का समर्थन करने के लिए विभिन्न खाद्य तेलों के मूल सीमा शुल्क में वृद्धि की और इसके बाद 17 सितंबर को खाद्य मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए खाद्य तेल उद्योग निकायों के साथ एक बैठक बुलाई कि खुदरा कीमतों में कोई वृद्धि न हो। खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा, "उद्योग से स्पष्टीकरण देने और कारण बताने के लिए कहा गया है कि आने वाले त्योहारों के दौरान खुदरा कीमतों को नरम बनाए रखने के सरकार के निर्देशों के बावजूद आयात शुल्क वृद्धि की घोषणा के बाद से कीमतों में बढ़ोतरी का रुख क्यों दिख रहा है।''मंत्रालय का कहना है कि कम शुल्क पर आयातित स्टॉक आसानी से 45-50 दिनों तक चल सकता है और इसलिए प्रसंस्करणकर्ताओं को अधिकतम खुदरा कीमतों में वृद्धि से बचना चाहिए।

साथ ही, कीमतों में वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब त्योहार नजदीक है और मांग बढ़ेगी। कच्चे सोयाबीन तेल, कच्चे पाम तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क को शून्य से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे कच्चे तेलों पर प्रभावी शुल्क 27.5 प्रतिशत हो गया है। नया शुल्क 14 सितंबर, 2024 से प्रभावी है।

**बिजनेस साइट**

## रहेजा ग्रीन्स फेस-2 में प्लाट्स की बुकिंग को मिल रहा शानदार रिस्पांस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रियल एस्टेट क्षेत्र में अग्रणी रहेजा ग्रुप का नया प्रोजेक्ट रहेजा ग्रीन्स फेस-2 तेजी से सुर्खियों में है। इस प्रोजेक्ट में प्लाट्स की बुकिंग को शानदार रिस्पांस मिल रहा है।

रिंग रोड नंबर-3 के पिरदा चौक के करीब 9 एकड़ में विकसित इस रिहायशी प्रोजेक्ट में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।यहां 600, 1000 और 1250 वर्ग फुट के प्रीमियम प्लाट्स की पेशकश की गई है। अनुष्का रियल्टीज इस प्रोजेक्ट के स्ट्रेटिजिक मार्केटिंग पार्टनर हैं। अनुष्का रियल्टीज के सीएमडी अंकुर अरोरा ने बताया कि रहेजा ग्रीन्स फेस-2 प्रोजेक्ट 90 प्रतिशत डेवलप हो चुका है और यह टीएनसीपी और रेरा से अप्रुव्ड है। इसकी बेहतरीन लोकेशन और गुडविल के कारण बुकिंग में वृद्धि देखी जा रही है।

प्रमुख सुविधाओं में कव्हर्ड कैंपस, चौड़ी सीमेंट की सड़कें, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, जागिंग ट्रैक, बाउंड्रीवाल, क्लब हाउस, जिम, इंडोर गेम और पार्किंग शामिल हैं। श्री अरोरा ने बताया कि प्रोजेक्ट की कनेक्टिविटी भी इसकी खासियत है, जिससे प्रमुख बाजारों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचना आसान है।

**कार्यालय कलेक्टर जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 07824-222129, फैक्स क्र., 07824-222029
E-mail - bemetara.cg@gov.in

**निविदा सूचना**

क्रमांक/3020/अभिलेखागार / स्टेश.नि./कले. / 2024 बेमेतरा, दिनांक 13 सितम्बर, 2024

अधोहस्ताक्षरकर्ता की ओर से कार्यालय में लगने वाली विभिन्न लेखन सामग्री (स्टेशनरी), टोनर एवं कॉट्रेज इत्यादि क्रय हेतु स्टेशनरी निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं फर्मों से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्यालयीन समय अवधि में दिनांक 30.09.2024 के पूर्व कार्यालयीन समयावधि में प्राप्त किये जा सकते है।

1. निविदा स्वीकार करने की अंतिम तिथि- 30.09.2024 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक।
2. निविदा खोलने की तिथि - 03.10.2024 समय अपरान्ह 4:00 बजे ।

| क्रमांक | कार्यालय में लगने वाली सम्पूर्ण स्टेशनरी सामग्री | वित्तीय वर्ष में इस कार्यालय से अनुमानित क्रय | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1. | लेखन सामग्री (स्टेशनरी), टोनर एवं कॉट्रेज एवं अन्य | 05.00 लाख से 10.00 लाख तक | 9,000.00 |

**शर्ते :-** निविदा की सम्पूर्ण शर्ते एवं सामग्री की सूची कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय कलेक्टर बेमेतरा के नाजरात शाखा (कक्ष क्रमांक 75) से अथवा इस कार्यालय के अधिकारिक वेबसाईट www.bemetara.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

**टीप :-** इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक / 1314/अभिलेखागार/स्टेश.नि./कले. / 2024 बेमेतरा, दिनांक 21 जून, 2024 के तहत प्राप्त निविदा भी इस निविदा के अंतर्गत शामिल किये जायेंगे।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

अपर कलेक्टर
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

G-242502629/2

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि **सारागांव** वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले उच्चदाब (33/11 के.व्ही.) विद्युत लाईन में दिपावली पूर्व आवश्यक सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य हेतु लाईन बंद होने निचे तालिका में दर्शित दिनॉक को **सुबह 09.00 से शाम 05.00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फिडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। **आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।**

| क्र. | दिनांक | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र / ग्राम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 23.09.2024 08.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. अड़सेना | अड़सेना, मोहदी, गनियारी, मटियाडीह, असौंदा, बरौंदा |
| 2 | 24.09.2024 09.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. चंदखुरी | सारागांव |
| 3 | 25.09.2024 10.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. सिलयारी | सारागांव, सिलियारी, निल्जा, पवनी |
| 4 | 26.09.2024 11.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. दोंदे | जरौंदा, तर्रा, टोर |
| 5 | 27.09.2024 14.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. इंटरलिंकिंग | बरौदा, बंगोली, कुर्रा, धनसुली |
| 6 | 28.09.2024 15.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र हा. बोर्ड दोंदेखुर्द | 11 के.व्ही. दोंदे | दोंदेखुर्द |
| 7 | 30.09.2024 16.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र हा. बोर्ड दोंदेखुर्द | 11 के.व्ही. मटिया | दोंदेकला, मटिया, बरबंदा |
| 8 | 01.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र हा. बोर्ड दोंदेखुर्द | 11 के.व्ही. हॉ.बोर्ड | हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द |
| 9 | 03.10.2024 05.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. अटल ज्योति अड़सेना | ग्राम अड़सेना, मोहदी, गनियारी, बरौंदा पम्प लाईन |
| 10 | 04.10.2024 07.10.2024 | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र सारागांव | 11 के.व्ही. अटल ज्योति सिलियारी | निल्जा, पवनी, तंर्रा, जरौदा पम्प लाईन |

Credible Chhattisgarh
असुविधा के लिए खेद है।
"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"
"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है, कृपया इससे बचे"
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइये।

कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा) संभाग,
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-41504/2

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 660/न.पा./लो.नि.वि./2024-25 **द्वितीय ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना** मुंगेली, दिनांक 20/09/2024

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 158839 | INSTALLATION OF TUBLAR POLE AT AATMANAND SCHOOL MAIN ROAD JEEVAN BANJARA AT MUNGELI & CHAKRADHARI HOUSE TO YAWAN JOSHI HOUSE MAIN ROAD (GATE) AT MUNGELI | 30.90 | 24000 | 03 माह | सक्षम श्रेणी |
| 158831 | INSTALLATION OF TUBLAR POLE AT BAJAJ SHOWROOM MAIN ROAD TO SHAKTI DHRAM KATA ROAD &ABHISHEK ENTERPRISES MAIN ROAD TO BHAWANI RAM LAL PRAVESH DWAR PANDARIYA ROAD AT MUNGELI | 36.71 | 24000 | 03 माह | सक्षम श्रेणी |
| 158760 | INSTALIATION OF TUBLAR POLE AT POLICE PETROL PUMP MAIN ROAD TO NAWAPARA ROAD & BUS STAND MAIN ROAD BIJLI OFFICE ROAD HANUMAN MANDIR AT MUNGELI | 38.24 | 29000 | 03 माह | सक्षम श्रेणी |
| 158749 | INSTALLATION OF TUBLAR POLE AT KHADKHADIYA NALA MAIN ROAD TO KESHARWANI BHAWAN ROAD & SAHU TRADERS MAIN ROAD TO STADIUM GATE MAIN ROAD AT MUNGELI | 38.61 | 29000 | 03 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप:-1. निविदा से संबंधित समस्त जानकारी वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in में एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मुंगेली

**छत्तीसगढ़ शासन**
**महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय,**
**महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग.**

**-: मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) वर्ष 2024**
**प्रविष्टियों के आमंत्रण हेतु सूचना :-**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य की महिला/ अशासकीय संस्थाओं को प्रतिवर्ष **"मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)"** प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला /संस्था को 2 (दो) लाख रूपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान की जाती है। इस सम्मान हेतु **वर्ष 2024** के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित है। प्रविष्टियाँ निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत की जावे -

1. महिला / संस्था का पूर्ण परिचय।
2. महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यो की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियाँ वास्तविक तथ्यों पर आधारित है।
3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण।
4. उत्कृष्ठ सेवा कार्य के सम्बन्ध में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की छायाप्रतियाँ।
5. महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के सम्बन्ध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों की छायाप्रतियाँ/ सत्य प्रतिलिपियाँ।
6. अन्य सुसंगत दस्तावेज जो आवश्यक हो।
7. चयन होने की स्थिति में पुस्कार प्राप्ति के सम्बन्ध में आवेदक की लिखित सहमति।

यह सम्मान किसी भी महिला / संस्था को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगा। विगत वर्ष में निर्धारित मापदण्ड़ों की पूर्ति करने वाली ऐसी महिलाएँ / संस्थाएँ जिन्हे यह सम्मान विगत वर्ष प्राप्त नहीं हुआ है। इस वर्ष पुनः प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकेगी। शासकीय संस्थाएँ / अर्द्धशासकीय संस्थाएँ/ शासकीय सेवक इस सम्मान के लिए पात्र नहीं होंगें।

प्रविष्टियाँ सम्बन्धित जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग को **दिनांक 10 अक्टूबर 2024 तक** प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रविष्टि सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जावे एवं लिफाफे के ऊपर **"मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)" वर्ष 2024** अंकित किया जावे।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(शम्मी आबिदी) सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

G-242502688-1

**CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY**
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 88392-85325 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in

NIT Ref. No.8760/SKY LIFT VEH./2024-25 Date: 19.09.2024

**NOTICE INVITING TENDER**

CREDA invites online bid for fixation of rates for supply of Truck mounted hydraulic sky lift vehicle in anywhere in the state Chhattisgarh from fully experienced original equipment manufacturer (OEM) or their one authorized dealer

**Last date of submission of Online Bid : 21.10.2024 till 5:00 PM**
**Opening of Online Bid : 22.10.2024 12:00 PM onwards**

Technical Bid and Financial Bidwill be submitted online at https://eproc.cgstate.gov.in and hard copy duly sealed & signed at CREDA, SE (RE-I).If there is any discrepancy in the e-Bid and hard copy, only the documents in e-Bid shall be considered as valid. In no case the hard copy of documents shall be evaluated, they are only for record keeping by CREDA, but submission of hard copy is mandatory. Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly. (For any query about e-bidding please visit user manual at https://eproc.cgstate.gov.in.

Tender document is available at www.creda.co.in and at https://eproc.cgstate.gov.in

CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

Superintending Engineer (RE-I)
CREDA

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट। 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in। Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर। मो. 94252-14479, 0771-4020411, www.makeoverraipur.com, त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)। सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण। श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी। लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हर्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध। जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ मो. 9977247553 नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक। सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic। डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304। 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ। सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी। गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**टेस्ट**
**149 रन पर सिमटी बांग्लादेश की टीम**

# तेज गेंदबाजों ने ढाया कहर, भारत की बांग्लादेश पर बढ़त 300 रन पार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को पहली पारी को सस्ते में समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 308 रन कर ली। भारत की पहली पारी में 376 रन के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गई। भारत ने पहली पारी 227 रन की बड़ी हासिल की। बुमराह की शानदार गेंदबाजी का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर चार विकेट चटकाए। बुमराह को मोहम्मद सिराज (दो विकेट), आकाश दीप (दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (दो विकेट) का अच्छा साथ मिला। भारत की दूसरी पारी में भी हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (पांच) और यशस्वी जायसवाल (10) टीम के 28 रन तक पवेलियन लौट गए। गिल और विराट कोहली (17) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। कोहली हालांकि क्रीज पर समय बिताने के बाद मेहदी हसन मिराज की गेंद पर पगबाधा हो गए।



## बुमराह के 400 विकेट

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 400+ विकेट लेने वाले छठे भारतीय पेसर बन गए हैं। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में 401 विकेट हो गए हैं। पहले नंबर पर 687 विकेट के साथ कपिल देव हैं।

04 विकेट
01 मेडन
50 रन
11 ओवर

### भारत ने दूसरी पारी में गंवाए तीन विकेट

भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 81 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। भारत को पहला झटका कप्तान रोहित शर्मा (5) के रूप में लगा। इसके बाद यशस्वी जायसवाल विकेटकीपर लिटन दास के हाथों लपके गए। फिर भारत ने 67 रनों के स्कोर पर विराट कोहली का भी विकेट खो दिया।

## जसप्रीत का चौका

बुमराह ने शानदार लय में चल रहे शदमन इस्लाम को अपनी चतुराई से आउट किया। उन्होंने राउंड द विकेट गेंदबाजी करने के बाद ओवर द विकेट गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लाइन लेंथ में बदलाव किए बिना कोण को बदला जिससे बांग्लादेश का यह सलामी बल्लेबाज सामंजस्य नहीं बैठा पाया। उन्होंने इसके बाद मुशफिकुर रहीम, तस्कीन और हसन महमूद को चलता किया। मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन कोई विकेट नहीं ले सके।

## स्कोर बोर्ड

| बांग्लादेश पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शदमन इस्लाम बो बुमराह | 02 | 06 | 0 | 0 |
| जाकिर हसन बो आकाश दीप | 03 | 22 | 0 | 0 |
| नजमुल का कोहली बो सिराज | 20 | 30 | 3 | 0 |
| मोमिनुल हक बो आकाश दीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रहीम का राहुल बो बुमराह | 08 | 14 | 2 | 0 |
| शाकिब का पंत बो जडेजा | 32 | 64 | 5 | 0 |
| दास का स्था. जुरेल बो जडेजा | 22 | 42 | 3 | 0 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 27 | 52 | 2 | 1 |
| महमूद का कोहली बो बुमराह | 09 | 22 | 2 | 0 |
| तस्कीन अहमद बो बुमराह | 11 | 21 | 1 | 0 |
| नाहिद राणा बो सिराज | 11 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 47.1 ओवर में 149/10
गेंदबाजी : बुमराह 11-1-50-4, सिराज 10.1-1-30-2, आकाश दीप 5-0-19-2, अश्विन 13-4-29-0, जडेजा 8-2-19-2.



## रोहित के 10वीं बार साल में 1000 रन

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दूसरी पारी में सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि 4 रन बनाते ही उन्होंने इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में 1000 रन पूरे कर लिए। रोहित ने 10वीं बार किसी भी एक साल में तीनों फॉर्मेट मिलाकर 1000 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर सचिन तेंदुलकर हैं जिन्होंने 16 बार ये कारनामा किया है। वहीं विराट कोहली ने 12 बार एक हजार से ज्यादा रन बनाए हैं।



## हेड ने खेली अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

ट्रेविस हेड (नाबाद 154) की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को शुरुआती एकदिवसीय को 36 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त कायम की। इंग्लैंड की टीम गुरुवार रात को पहले बल्लेबाजी करते हुए 50वें ओवर में 315 रन पर आउट हो गई लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट गंवा कर 44वें ओवर की आखिरी गेंद पर लक्ष्य हासिल कर इस प्रारूप में लगातार 13वां मैच जीता। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज हेड के वनडे कॅरियर का यह छठा शतक था। उन्होंने 10 महीने पहले विश्व कप फाइनल में भारत पर ऑस्ट्रेलिया की जीत में 137 रनों की ऐसी ही आक्रामक पारी खेली थी।

इससे पहले बेन डकेट (95 रन) और विल जैक्स (62 रन) के अर्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 316 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की टीम ने 32 ओवर में दो विकेट पर 211 रन बना लिए थे लेकिन टीम 49.4 ओवर में 315 रन पर सिमट गई।

## शुभंकर ने तीन ओवर 75 का कार्ड खेला



**वेंटवर्थ।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वेंटवर्थ क्लब में बीएमडब्ल्यू पीजीए चैम्पियनशिप में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर खराब शुरूआत की जिससे उनका कट हासिल करना मुश्किल होगा। शुभंकर ने एक ईगल, एक बर्डी और छह बोगी लगाई जिससे वह संयुक्त 114वें स्थान पर बने हुए हैं। मैथ्यू बाल्डविन ने सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है।

## जायसवाल और गिल होंगे टारगेट: हेजलवुड

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उनकी टीम बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल का मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार करने पर अधिक ध्यान देगी। उनकी टीम ने इन युवा भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ बहुत कम क्रिकेट खेला है। पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी। भारत इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी पर अपना प्रभुत्व बरकरार रखना चाहेगा तो वही घरेलू सरजमीं पर 2018-19 और 2020-21 में लगातार हार का सामना करने के बाद ऑस्ट्रेलिया अपनी मजबूत गेंदबाजी के दम पर पलटवार करना चाहेगा।

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001 (M.P.)
**DEMAND NOTICE**
NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.
RC/105/2024 04.09.2024
STATE BANK OF INDIA
Versus
SHRI PRAVIN PARMAR
To,
**(CD 1) SHRI PRAVIN PARMAR SHRI AMRIT LAL PARMAR**
HIG 47 PADMANABHPUR WARD NO 46, DURG
**(CD 2) SMT MAMTA PARMAR**
W/O SHRI PRAVIN PARMAR
HIG 47 PADMANBHPUR WARD NO 46 DURG, CHHATTISGARH
**(CD 3) YASH DREAM REAL ESTATE LIMITED**
PLOT NO 3, BLOCK NO 01, PRIYADARSHANI PARISHAR, NEHRU NAGAR SQUARE, BHILAI DURG, CHHATTISGARH
**(CD 4) SHRI NITIN SHRIVASTAVA**
S/O SHRI S P SHRIVASTAVA
PLOT NO 3, BLOCK NO 01, PRIYADARSHANI PARISHAR, NEHRU NAGAR SQUARE, BHILAI DURG, CHHATTISGARH
**(CD 5) SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA**
NEAR GANDHI GRAM RAILWAY STATION,
FRONT OF NEHRU BRIDGE ASHRAM ROAD, AHMEDABAD, GUJRAT
This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/1776/2019** an amount of **Rs 2810771 (Rupees Twenty Eight Lakhs Ten Thousands Seven Hundred Seventy One Only)** along with pendentellite and future interest @0% Simple Interest Yearly w.e.f. **29/11/2019** till realization and costs of **Rs 31000 (Rupees Thirty One Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).
**2.** You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act,1993 and Rules there under.
**3.** You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
**4.** You are hereby ordered to appear before the undersigned on **11/10/2024** at 10:30 a.m. for further proceedings.
**5.** In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
**(a)** Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
**(b)** All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **04/09/2024**
SEAL
Sd/-
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

# धनुष ने जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक

एजेंसी ▶▶| लियोन



भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैंपियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है।

इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने कहा, 'जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था।' वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही।

## सरे लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन



**लंदन।** सरे अपने करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती। समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने चैंपियनशिप के एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकॉर्ड 33 खिताब से 10 कम है। इससे पहले यार्कशर लगातार तीन काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी टीम थी। उसने 1966 से लेकर 1968 तक यह कारनामा किया था। लंदन के ओवल में अपने घरेलू मैच खेलने वाले सरे ने गुरुवार को डरहम को 10 विकेट से हराया था।

# चहल के लगातार दूसरे मैच में 5 विकेट से जीता नॉर्थम्पटनशर

एजेंसी ▶▶| नॉर्थम्पटन



भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप के मैच में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिए।

नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया। नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाए। उन्होंने पिछले मैच की दो पारियों में भी 45 रन पर पांच और 45 रन पर चार विकेट लेकर डर्बीशर के खिलाफ अपनी टीम की 133 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

## भारत सी के खिलाफ ए का पलड़ा भारी

**अनंतपुर।** तेज गेंदबाज आवेश खान ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा और इसके बाद इशान किशन का कीमती विकेट लिया जिससे भारत ए ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी के अंतिम दौर के मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपना पलड़ा भारी कर दिया। भारत की तरफ से आठ वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले आवेश में 68 गेंद पर नाबाद 51 रन बनाए जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ए ने अपनी पहली पारी में 297 रन बनाए। भारत सी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 216 रन बनाए हैं और अभी वह भारत ए से 81 रन पीछे है और उस पर पहली पारी में पिछड़ने का खतरा मंडरा रहा है।

**SBI भारतीय स्टेट बैंक**
क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र–1, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
**एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र–1, रायपुर, की सुंदर नगर व कचहरी चौक शाखा के लिए व्यवसायिक परिसर की आवश्यकता.**
भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय क्षेत्र–1, रायपुर की
(1) सुंदर नगर शाखा (अनुमानित 2500 से 3000 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र, भूतल पर)
(2) कचहरी चौक शाखा (अनुमानित 5000 से 6000 वर्गफीट निर्मित क्षेत्र, भूतल या भूतल एवं प्रथम तल पर)
जिला रायपुर के लिए पट्टे किराया आधार पर व्यवसायिक परिसर (प्रमुखतः भूतल, भवन में पार्किंग एवं दिव्यांग जन/वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु रैम्प/लिफ्ट का प्रावधान होना चाहिए) हेतु मालिकाना पॉवर ऑफ़ एटॉर्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के अंतर्गत निविदायें आमंत्रित की जाती हैं. अन्य विवरणों तथा निविदा कागजात (तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली) डाउनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाईट www.sbi.co.in पर लिंक "Procurement News" के अंतर्गत में दिनांक 21.09.2024 से 04.10.2024 के बीच लॉगइन करें, इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा बैंक में दिनांक 05.10.2024 तक सील बंद लिफाफे में पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते पर प्रस्तुत करें– भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र–1, रायपुर में दिनांक 21.09.2024 से 04.10.2024 के बीच संपर्क करें, भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र–1, रायपुर (छ.ग.) में निविदाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.10.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक होगी।
क्षेत्रीय प्रबंधक
ASA

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202408101600040 मामले की श्रेणी: राजस्व**
विषय: ब-121 सन:- 2023-2024
उमदा प.ह.नं. 00004 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- **प्राधिकृत अधिकारी**
अनावेदक पक्षकार- **टिकेश्वर प्रसाद चंद्राकर, नंदिनी चंद्राकर**
**ईश्तहार**
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा न्यायालय जिला दण्डाधिकारी दुर्ग के आदेश राजस्व प्रकरण क्रं. **188/ब-121/वर्ष 2021-22 202207100100135** में पारित आदेश **दिनांक 18-08-2024** के तहत अनावेदक टिकेश्वर प्रसाद चंद्राकर पिता सालिक राम चंद्राकर एवं नंदिनी चंद्राकर पति टिकेश्वर चंद्राकर, निवासी: हाउस नं. 394, शिवाजी पब्लिक स्कूल, ड्रीम सिटी, उमदा रोड, भिलाई03, तह जिला दुर्ग (छ.ग.), के स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम उमदा, प.ह.न-04, रा.नि.मं. भिलाई 03, जिला दुर्ग स्थित भूमि रेसीडिंसयल हाउस खसरा नं **858/11** क्षेत्रफल **2000** वर्गफीट बंधक संपत्ति को आवेदक संस्था के पक्ष में कब्जा/अधिपत्य दिलाये जाने हेतु कलेक्टर महोदय के आदेश के परिपालनार्थ आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। प्रकरण दर्ज किया गया। उद्घोषणा जारी हों।
उक्त संबध जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनॉक 23/09/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखीत रूप में अपनी आपत्ति पेश कर सकते हैं। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार्य नहीं कि जावेंगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/08/2024 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
सील
भिलाई–3, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

## दलीप ट्राफी : अभिमन्यु ने जड़ा 25वां सैकड़ा, सूर्यकुमार पांच रन पर आउट



एजेंसी ▶▶| अनंतपुर

*प्रतिभाशाली संजू सैमसन (106 रन) ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्राफी के अंतिम राउंड रोबिन लीग मैच के दूसरे दिन अपना 11वां प्रथम श्रेणी शतक पूरा किया। भारत डी के अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट झटककर स्टंप तक भारत बी का स्कोर छह विकेट पर 210 कर दिया। भारत डी ने सैमसन के शतक से पहली पारी में 87.3 ओवर में 349 रन बनाए जबकि भारत बी कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (116 रन) के शतक के बावजूद स्टंप तक छह विकेट गंवा चुकी थी। यह ईश्वरन का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 25वां सैकड़ा था। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ऊंगली की चोट के कारण पहले दो दौर के मैच में नहीं खेल पाए थे, लेकिन वह इस मैच में भी नहीं चले और पांच रन बनाकर अर्शदीप का शिकार हुए। सैमसन ने सुबह 89 रन से आगे खेलना शुरू किया और 11 रन बनाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 12 चौके और तीन गगनदाई छक्कों की मदद से 106 रन बनाए। भारत डी सुबह पांच विकेट पर 306 रन से खेलने उतरी।*

## राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम को बनाया बल्लेबाजी कोच



एजेंसी ▶▶| जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की।

राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने के बाद 55 साल के राठौड़ आगामी सत्र के लिए फ्रैंचाइजी की दूसरी बड़ी नियुक्ति है। राठौड़ ने द्रविड़ के मुख्य कोच रहते भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है। राजस्थान रॉयल्स से जारी बयान के मुताबिक, 'राहुल द्रविड़ की मुख्य कोच के तौर पर वापसी के बाद अनुभवी क्रिकेट पेशेवर राठौड़ रॉयल्स की कोचिंग टीम से जुड़ रहे हैं। वह एक सफल साझेदारी को फिर से स्थापित करेगा जिसने भारत को उनके कार्यकाल के दौरान तीनों प्रारूपों में रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और देश को इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 खिताब दिलाया।' राठौड़ ने भारत के लिए छह टेस्ट और सात एकदिवसीय मैच खेले हैं।

**श्रीलंकाई टीम में स्पिनर रनावीरा की वापसी**

**कोलंबो।** श्रीलंका ने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए शुक्रवार को बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रनावीरा को कप्तान चमारी अट्टापट्टू की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया है। रनावीरा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 12 साल से अधिक का अनुभव है। उन्होंने श्रीलंका के लिए अपना पिछला मैच विश्व कप क्वालीफायर के दौरान खेला था। यूएई में स्पिन गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में टीम को उनके अनुभव से फायदा होने की उम्मीद है।

जैन चुस्की चाय
उपभोक्ताओं के विशेष मांग पर
छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख स्टोर्स पर उपलब्ध
1 Kg. या 300 रू.के
जैन चुस्की चाय की खरीदी पर पाये
1 कूपन फ्री
पाये ढ़ेरो ईनाम
प्रथम पुरस्कार मारूति आल्टो कार (1)
2 लोगों को एक्टिवा स्कूटर द्वितीय पुरस्कार
तृतीय पुरस्कार 10 लोगों को वाशिंग मशीन (सेमसंग)
चतुर्थ पुरस्कार 50 लोगों को 100 ग्राम चांदी का सिक्का
चतुर्थ पुरस्कार 100 लोगों को 50 ग्राम चांदी का सिक्का
MRP 309/- चाय
ड्रा 30 अप्रैल 2025
JAIN TRADERS
AKRITI VIHAR, AMALIDIH, RAIPUR (C.G.)
MOBILE : 9424205071
किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय कंपनी के पास सुरक्षित होगा। www.chuskitea.com

# नकली सूरज बनाने के करीब पहुंचा चीन पहले चलकर भी पीछे रह गया अमेरिका

## एक्सपर्ट्स ने जताई चिंता



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

न्यूक्लियर फ्यूजन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे सूर्य को शक्ति मिलती है। लंबे समय से 'नकली सूर्य' को क्लीन एनर्जी के लिए एक विकल्प के रूप में देखा जाता रहा है। चीन के शंघाई में एक साधारण सड़क पर एनर्जी सिंगुलैरिटी नाम का स्टार्ट-अप है, जो न्यूक्लियर फ्यूजन पर काम कर रहा है। इस तकनीक में आगे निकलने के लिए दुनिया भर में दौड़ चल रही है। कई देश इसमें कामयाब हो गए हैं, लेकिन लंबे समय तक ऊर्जा को बरकरार रख पाना मुश्किल है। अमेरिका और चीन इसमें प्रमुख हैं। लेकिन, अमेरिकी कंपनियों और उद्योग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इस क्षेत्र में अमेरिका अपनी दशकों पुरानी बढ़ खो रहा है।

इसका सबसे बड़ा कारण है कि चीन में कई कंपनियां क्लीन एनर्जी में सामने आ गई हैं। फ्यूजन में महारत हासिल करना एक आकर्षण है, जो किसी भी देश को धन और वैश्विक प्रभाव प्रदान कर सकता है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा का एक बड़ा भंडार मिलेगा। तेल या गैस को जलाने की तुलना में लगभग 40 लाख गुना अधिक ऊर्जा मिलती है। वहीं, न्यूक्लियर फ्यूजन की तुलना में चार गुना ज्यादा ऊर्जा मिलती है। फ्यूजन एनर्जी ग्लोबल वॉर्मिंग से लड़ने के लिए भी महत्वपूर्ण समाधान हो सकता है।

### पानी की तरह पैसा खर्च कर रहा चीन

चीन की सरकार लगातार फ्यूजन एनर्जी के लिए पानी की तरह पैसा खर्च कर रही है। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के फ्यूजन एनर्जी साइंसेज कार्यालय का नेतृत्व करने वाले जीन पॉल एलेन के मुताबिक चीनी सरकार हर साल 1 से डेढ़ बिलियन डॉलर निवेश कर रही है। इसकी तुलना में अमेरिका सिर्फ 800 मिलियन डॉलर खर्च कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक एलेन ने कहा, 'मेरे लिए कितना पैसा से ज्यादा ये महत्वपूर्ण है कि वह इसे कितनी तेजी से कर रहे हैं।'

### चीन आगे निकला

दोनों देशो के प्राइवेट सेक्टर इसे लेकर आशा व्यक्त करते हैं। उनका मानना है कि भारी तकनीकी चुनौतियों के बावजूद 2030 तक फ्यूजन शक्ति से बिजली मिलने लगेगी। अमेरिका पहला देश था, जिसने 1950 के दशक से ही इस पर काम शुरू कर दिया था। फ्यूजन में चीन की एंट्री काफी देरी से हुई। 2015 के बाद से फ्यूजन में चीन के पेटेंट बढ़ने लगे। किसी भी अन्य देश की तुलना में यह काफी ज्यादा है। एनर्जी सिंगुलैरिटी सिर्फ एक उदाहरण है।

## शख्स ने समुद्र में उतार दी बाइक रोड की तरह पानी पर लगा दौड़ाने, देखते रह गए लोग!

लंदन। जब आप छोटे रहे होंगे, तो आपने अक्सर ये सोचा होगा कि आपकी साइकिल अगर पानी पर भी चल पाती तो कितना अच्छा रहता! आप नदी-नालों को साइकिल पर ही बैठकर पार कर जाते। भले ही ये सारे ख्याल बचपन के हों, मगर आज भी जब आपके दिमाग में ये विचार आता होगा, तो सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते होंगे कि जिस तरह नाव या जहाज चलते हैं, उसी तरह कार-बाइक या साइकिल पानी पर चलती तो कितना अच्छा होता! एक शख्स ने अपनी बाइक को समुद्र में उतार दिया और रोड की तरह पानी पर सरपट दौड़ाने लगा। जब बाकी के लोगों ने ये नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए और वो ये देखते रह गए। हालांकि, उसके टायर में इसका राज छुपा था। एक शख्स ने वीडियो का स्क्रीनशॉट पोस्ट कर शख्स के इस करतब की पोल खोल दी। उसके टायर में बोड्र्स लगे थे, जो पानी के ऊपर टिके रहने में उसकी मदद कर रहे थे।



















*नियम व शर्तें लागू। दी गयी जानकारी केंद्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण संस्थान (बुदनी) द्वारा प्रमाणित। ऊपर दिखाई गयी कीमत टैक्स सहित। 434 Plus की दिखाई गयी कीमत सिंगल क्लच वैरिएंट की है। इस कीमत में RTO, एक्सचेंज, एक्सेसरीज, इंश्योरेंस एवं फाइनेंस खर्चे शामिल नहीं है। दिखाए गए चित्र केवल प्रस्तुतीकरण के लिए। यह ऑफर छत्तीसगढ़ के डीलर के सौजन्य से।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com